आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त
# यश भारत
नये जमाने के साथ ...
• वर्ष- 16 अंक 351 • जबलपुर • मंगलवार, 24 जनवरी, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • माघ शुक्ल पक्ष 3 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## गुजरात में ट्रक और कार की टक्कर, 4 लोगों की मौत, दो घायल

**नवसारी, ईएमएस।** गुजरात के नवसारी जिले में एक कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घायलों को इलाज के लिए सूरत के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पैरोल पर छूटे राम रहीम ने तलवार से केक काटा

**हिसार,ईएमएस।** सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा चीफ राम रहीम पैरोल पर बाहर आते ही सुर्खियां बटोरने लगा। राम रहीम ने सोमवार को तलवार से केक काटा। मौका था डेरे के दूसरे संत शाह सतनाम के जन्मदिन का। उसी को राम रहीम ने अपनी गद्दी सौंपी थी। केक काटने का वीडियो बागपत स्थित बरनावा डेरे का है। यह वीडियो वायरल हो गया है। रेप और हत्या का दोषी राम रहीम रोहतक की सुनरिया जेल में 20 साल की सजा काट रहा है।

### हनुमानताल के मक्कानगर में भीषण अग्निकांड

# मां बेटी ने तोड़ा दम, आधा दर्जन को बचाया

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के मक्कानगर गली नंबर सात में एक गद्दा गोदाम में आज अचानक आग में झुलसने से एक बच्ची और उसकी माँ की दर्दनाक मौत हो गयी। आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचा ननि अमले ने आग पर बमुश्किल काबू पाया। अग्निकांड के दौरान गोदाम की दूसरी मंजिल पर करीब आधा दर्जन लोग फंसे थे, जिन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया गया। वहीं, धुंए के उठ रहे गुबारों को देखकर लोग सकते में आ गए और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। हादसे की खबर पाकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू , विधायक लखन घनघोरिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि और एसडीएम ऋषभ जैन मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को ढांढस बंधाया। वहीं, बचाव दल, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस हादसे ने एक बार फिर दमोहनाका स्थित लाइफ मल्टीनेशनल अस्पताल में हुए अग्निकांड की यादें ताजा कर दीं। थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मक्कानगर में दर्दनाक अग्निकांड हादसा हो गया। जिसकी जांच जारी है। जिसमें एक बच्ची और उसकी मां की आग में जलने से मौत हो गयी। बाकी अन्य लोग छत में फंसे थे जिन्हें निकाल लिया गया है। जानकारी के मुताबिक असलम मंसूरी का मक्का नगर में गद्दा बनाने का कारखाना था जहां पर कि 25 साल की नगीना अपनी 5 साल की बेटी हिना को लेकर काम करने पहुंची थी। नगीना गद्दा बनाने का काम कर रहीं थी और पास में ही उसकी बेटी खेल रहीं थी कि अचानक ही आग लगी और ऊपर का कमरा जहां पर कि गद्दे रखें थे उसे आगोश में ले लिया। देखते ही देखते आग तेजी दे फैली और मां-बेटी की झुलस जाने से मौके पर ही मौत हो गई। कारखाना में आग लगते ही स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी पर दमकल वाहन करीब एक घंटे बाद पहुंचा तब तक स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया पर वह नाकाफी था। आग लगने के वास्तविक कारणों का बालों का अभी पता नही चल पाया पर अंदेशा जताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट से ही आग लगी है।





महापौर ने पीड़ितों को ढांढस बंधाया

### मजदूरी करती थी मां

स्थानीय पार्षद मोहम्मद कलीम खान ने बताया कि मक्का नगर में गद्दा बनाने के कारखाना है जहां पर कि रोजाना 6 से 7 मजदूर काम करते है। पर आज सिर्फ नगीना उम्र 25 वर्ष अपनी 6 वर्षीय बेटी हिना को लेकर कारखाने पहुंची थी और काम कर रहीं थी तभी अचानक ही आग लग गई। थोड़ी ही देर में गद्दे धू-धूकर जलने लगी, आग इतनी तेज़ से फैली की मां-बेटी भाग नही पाए और जो गद्दा बना रहें थे उसकी ही जकड़ में गए नतीजन कुछ ही देर में मां नगीना और उनकी बेटी हिना जल गए। पार्षद का कहना है कि सूचना के बाद दमकल वाहन करीब 1 घंटे बाद पहुंचा।

### लखन घनघोरिया ने कहा- तुरंत मुआवजे की करें व्यवस्था

वहीं घटना स्थल पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि यह हृदय विदारक हादसा है।यदि आग शॉट सर्किट से लगी है तो विद्युत विभाग का कितना दोष है, यह निश्चित होना चाहिए और दोष पाए जाने पर उन पर कार्यवाही होना चाहिए।साथ ही पीड़ितों को तुरंत मुआवजा देकर राहत पहुंचाई जानी चाहिए।

## जज भर्ती परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं नहीं होंगी सार्वजनिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मध्य प्रदेश में जिला न्यायपालिका परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों की उत्तर पुस्तिकाएं सार्वजनिक करने के निर्देश देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस वी रामासुब्रमण्यन और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि इस तरह का कदम च्बेहद खतरनाकज् है और इसका दुरुपयोग होने की संभावना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बेहद खतरनाक होगा। इन कोचिंग क्लास के साथियों को उत्तर पुस्तिकाएं मिल जाएंगी। आप जो चाहें समझें, हम उत्तर पुस्तिकाएं नहीं दे सकते।पीठ ने कहा कि हम संविधान के अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अवकाश याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं। विशेष अनुमति याचिका तदनुसार खारिज की जाती है। शीर्ष अदालत एनजीओ एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में जिला न्यायपालिका परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं को अपलोड करने और न्यायिक अधिकारियों की भर्ती में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया है कि अधीनस्थ न्यायालयों में सिविल जजों और अतिरिक्त जिला जजों की नियुक्ति के लिए चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और निष्पक्ष होनी चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट ने बताया खतरनाक

## बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को हत्या की धमकी...

**खजुराहो/ छतरपुर,एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को परिवार सहित जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी अमर सिंह नाम के व्यक्ति ने उनके चचेरे भाई को फोन पर दी। उसने कहा- धीरेंद्र शास्त्री की परिवार सहित तेरहवीं की तैयारी कर लो। बमीठा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस शख्स ने धीरेंद्र शास्त्री के परिवार को धमकी दी है, उसका पता लगाया जा रहा है। उस मोबाइल नंबर को भी ट्रेस किया जा रहा है, जिससे लोकेश गर्ग को फोन किया गया था।

### प्रदेश केबिनेट की बैठक में सागर को बड़ी सौगात

# बीएमसी को मिली 85 सीटें बढ़ाने की स्वीकृत

**भोपाल, यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महिला स्वयं सहायता समूह को 3 लाख रुपए तक की राशि पर ब्याज में 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान देने। सागर मेडिकल कॉलेज में पीजी की 85 सीट बढ़ाने और प्राथमिक शाला संविदा शिक्षक को प्रयोगशाला सहायक के रूप में प्रतिस्थापित किए जाने को स्वीकृति दी है। बैठक में कई अहम निर्णय लेने के साथ ही मुख्यमंत्री ने बताया कि 2 फरवरी को दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश के नए भवन का लोकार्पण होगा। इस कार्यक्रम में सभी मंत्री उपस्थित रहेंगे। सरकार के प्रवक्ता और गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि सागर मेडिकल कॉलेज में क्क्र में 85 सीट बढ़ाने के लिए 101.46 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। नगरीय निकायों में अधोसंरचना निर्माण योजना की स्वीकृति के लिए योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना की अवधि 2022-23 और 2023-24 दो वर्ष रहेगी। योजना के अंतर्गत कुल 800 करोड़ रुपए का व्यय रहेगा। इसमें 2022-23 के लिए 200 करोड़ रुपए बजट का प्रावधान है। बाकी 600 करोड़ रुपए का प्रावधान भी आज मध्य प्रदेश की कैबिनेट ने किया है। मिश्रा ने कैबिटन के निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि आजीविका मिशन और शहरी आजीविका मिशन में महिला स्वयंसहायता मिशन के महिला स्वयं सहायता समूह की 3 लाख रुपए तक के बैंक की ऋण की राशि पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत राशि की पूर्ति की जाएगी। यह अभी 3 प्रतिशत सरकार देती थी। जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों की उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए विशिष्ट आवासीय विद्यालयों, कन्या शिक्षा परिसरों तथा आदर्श आवासीय विद्यालयों को निजी सहभागिता संचालन के लिए अनुमोदन किया गया है। वहीं, कैबिनेट ने प्राथमिक शाला संविदा शिक्षक को प्रयोगशाला सहायक के रूप में प्रतिस्थापित किए जाने को स्वीकृति दी है। इससे अनुकंपा नियुक्ति में आ रही दिक्कतें दूर होगी। वहीं, महत्वपूर्ण सड़कों के बारे में भी निर्णय लिये गए है।



## स्पाइसजेट फ्लाइट में क्रू मेंबर से बदसलूकी और छेड़खानी आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली,ईएमएस। दिल्ली से हैदराबाद जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बोर्डिंग के वक्त ही एक पैसेंजर और क्रू के बीच विवाद हो गया था। मामला सोमवार का था। अब दिल्ली पुलिस ने अबसार आलम नाम के इस शख्स को अरेस्ट कर लिया है। आलम पर फ्लाइट में महिला क्रू मेंबर से बदसलूकी और छेड़खानी करने के आरोप हैं।फ्लाइट से उतारे जाने के बाद स्पाइसजेट के सुरक्षा अधिकारी सुशांत श्रीवास्तव ने पीसीआर कॉल किया। इसके बाद पुलिस ने दिल्ली के जामिया नगर में रहने वाले अबसार आलम को गिरफ्तार कर लिया। आलम अपने परिवार के साथ हैदराबाद जा रहा था।रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली से हैदराबाद जा रहे एयरलाइन के विमान में बोर्डिंग के दौरान एक पैसेंजर ने एयर होस्टेस के साथ गलत व्यवहार किया। पैसेंजर को जब रोका गया तो उसने पूरे केबिन क्रू के साथ अभद्रता की। इसके चलते विमान में बोर्डिंग रोक दी गई। मामला बढ़ने पर केबिन क्रू ने पायलट और सिक्योरिटी स्टाफ को इसकी जानकारी दी।इसके बाद आरोपी और उसके साथी पैसेंजर को विमान से उतार दिया गया। दोनों को एयरपोर्ट सिक्योरिटी के हवाले कर दिया गया।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मंथन

### सांसद,विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष शामिल

**भोपाल, यशभारत।** भोपाल के पुराने आरटीओ ऑफिस में बनाए गए भाजपा के अस्थाई प्रदेश कार्यालय परिसर में आज भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हो रही है। इस बैठक में जिला पंचायत सदस्यों को पहली बार शामिल होने का मौका मिला है। सांसद, विधायक भी बैठक में शामिल हैं। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में हुए फैसलों को निचले स्तर तक क्रियान्वित करने के लिए चर्चा होगी। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश सह प्रभारी रामशंकर कठेरिया, केन्द्रीय मंत्रीगण नरेन्द्रसिंह तोमर, वीरेन्द्र कुमार खटीक, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते विशेष रूप से उपस्थित हैं। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बताया बैठक में अगले चुनाव की दृष्टि से रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही बूथ विस्तारक अभियान-2 को लेकर चर्चा होगी। कार्यसमिति में वर्तमान राजनैतिक परिस्थितियों पर राजनैतिक प्रस्ताव आयेगा। भारत को जी-20 देशों की अध्यक्षता मिलने पर वक्तव्य भी जारी किया जायेगा। पेसा एक्ट सहित जनजाति कल्याण को लेकर किए जा रहे कार्यो तथा जनजागरूकता के लिए चलाए गयी गौरव यात्राओं पर भी जानकारी दी जाएगी। यह बैठक ईको फ्रेंडली रहेगी। प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं का प्रयोग नहीं करने का प्रयास किया जायेगां बैठक में आने वाले सभी प्रतिभागियों का ई रजिस्ट्रेशन होगा। इस दृष्टि से इस बैठक में कई नवाचार किए जा रहे है।



## अमेरिका में नहीं थम रही हैं गोलीबारी की घटनाएं

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं नहीं थम रही है। खबर है कि तीन शहरों में हुई गोलीबारी की अलग- अलग घटनाओं में 8 लोगों की मौत हो चुकी है। आयोवा में एक स्कूल में हुई फायरिंग में 2 छात्रों की मौत हो गई। घटना में एक स्कूल टीचर भी घायल हुआ है। एजेंसी के मुताबिक, डेस मोइनेस के स्कूल में कार्यक्रम च्स्टार्ट्स राइट हियरज के दौरान इस वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग के करीब 20 मिनट बाद एक कार से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक आरोपी फरार हो गया। कैलिफोर्निया के हाफ मून ने इलाके में। एक दिन पहले ही हुई गोलीबारी की घटना में 11 लोगों की मौत हो गई थी। इधर सोमवार दोपहर को शिकागों के एक अपार्टमेंट में गोलीबारी की घटना हो गई। उस दौरान दो लोग की मौत और तीन अन्य के घायल होने की खबर है।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना
अरुणोदय पंचांग
घर-घर का पंडित बना
अरुणोदय पंचांग




### सूरत में कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारी

# फिर 12 किमी. तक घसीटा, हड्डियां बाहर निकलीं पीछे चल रहे युवक ने बनाई वीडियो

**सूरत, ईएमएस।** सूरत में एक कार चालक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। पत्नी सड़क पर गिर गई, जबकि पति कार के नीचे फंस गया। कार चालक ने उसे करीब 12किमी. तक घसीटा। उसका शव अगले दिन क्षत-विक्षत हालात में मिला। रगड़ के कारण युवक की हड्डियां भी दिखाई दे रही थीं। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसके चलते पूरे मामले का खुलासा हुआ। हालांकि, आरोपी फरार है। यह वीडियो हादसे के समय कार के पीछे चल रहे युवक ने बनाया था।सूरत जिले के पलसाना तालुका के तंतिठिया गांव के बाहरी इलाके में बीते बुधवार को बाइक सवार सागर पाटिल (24) और उसकी पत्नी अश्विनी को एक लग्जरी कार ने टक्कर मार दी। अश्विनी उछलकर सड़क पर गिर गई, जबकि उसके पति का कुछ पता नहीं चला। अगले दिन सागर का शव हादसे वाली जगह से 12किमी. दूर मिला।पुलिस ने पूरे मामले की जांच की, लेकिन आसपास कोई सीसीटीवी या कैमरा नहीं होने के कारण आरोपी का कोई पता नहीं चल सका। घटना के दो दिन बाद इस मामले में एक युवक सामने आया और पुलिस को वीडियो दिखाया। इसके जरिए पुलिस आरोपी के घर पहुंची और कार की पुष्टि की। आरोपी चालक फरार है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाले युवक ने बताया कि वह कामराज के कोसमड़ी गांव से सूरत आ रहा था। उसके आगे एक कार चल रही थी। सड़क पर स्पीड ब्रेकर जैसा कुछ आया।



### सागर की पत्नी बोलीं- पति को बहुत ढूंढा, लेकिन नहीं मिले

सागर की पत्नी अश्विनी पाटिल अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने बताया- मैं मौसी के घर गई थी। पिछले बुधवार को मेरे पति मुझे वापस ले जाने के लिए आए। दोनों रात करीब 10 बजे बाइक से सूरत आ रहे थे। तभी अचानक पीछे से कार ने टक्कर मार दी और मैं गिर गई। आनन-फानन में आसपास के लोग भी आ गए। मैंने सागर को सड़क पर बहुत ढूंढा, लेकिन अंधेरा होने के कारण वह नहीं मिले।

# मुख्यमंत्री के दो दिवसीय कार्यक्रम व्यवस्थित व गरीमा पूर्ण हों

## कलेक्टर ने कहा, इस दिशा में सभी अधिकारी कार्य करें



**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, नगर निगम कमिश्नर आशीष वसिष्ठ, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा व सुश्री विमलेश सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आज मुख्य रूप से 25 और 26 जनवरी को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रमों व उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा कर कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से संपादित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मुख्यमंत्री श्री चौहान सायं 4 बजे डुमना एयरपोर्ट पर पहुँचेंगे एवं सायं 4.45 बजे दमोहनाका के पास कुचैनी परिसर में मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से लाभान्वित बच्चों से संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। लाडली लक्ष्मी योजना से लाभान्वि‍ति बालिकाओं से संवाद का कार्यक्रम एमएलबी स्कूल प्रांगण में सायं 5.30 बजे होगा। कलेक्ट्र श्री सुमन ने कहा कि एमएलबी के कार्यक्रम के बाद उमा घाट, ग्वारीघाट में नर्मदा महा आरती में मुख्यमंत्री शामिल होंगे। रात्रि 8~40 बजे मुख्यमंत्री श्री चौहान आयुर्वेद कॉलेज ग्राउंड में गणतंत्र दिवस की पूर्ण संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद 9.45 बजे सर्किट हाउस नं. 1 में आगमन होगा एवं रात्रि विश्राम करेंगे। उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस की पूर्ण संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात गायक शान की प्रस्तुति होगी। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री का 26 जनवरी को प्रातः 8 बजे शारदा नगर रांझी में पौधारोपण का कार्यक्रम है तथा प्रातः 9 बजे गैरीसन ग्राउंड में गणतंत्र दिवस के मुख्यं समारोह में भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे मॉडल स्कूझ में वीआर लैब का उद्घाटन एवं मध्यान्ह भोजन का कार्यक्रम है और शाम को 7.10 बजे आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर ग्वारीघाट में भारत पर्व का कार्यक्रम है। जिसमें प्रख्यात गायक सोनू निगम अपनी प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के सभी कार्यक्रम व्यवस्थित व गरीमापूर्ण हों। अतः इस दिशा में सभी अधिकारी कार्य करें।

# समागम रंगमंडल की भावपूर्ण प्रस्तुति भूमि के मंचन को मिली सराहना



**जबलपुर, यशभारत।** समागम रंगमंडल मध्यप्रदेश की एक प्रतिनिधि नाट्य संस्था है। रंगमंच कला, कौशल विकास का एक बेहतर वैकल्पिक माध्यम हो, ये सदैव हमारी कोशिश रही है। समागम रंगमंडल द्वारा अपनी नवीनतम प्रस्तुति भूमि का मंचन गज शाम शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में किया गया। यह नाटक आशीष पाठक द्वारा लिखित एवं स्वाति दुबे द्वारा निर्देशित है। यह प्रस्तुति संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार (दिल्ली), अंकुरण, रेवा की राह, कॉड़ी हाउस विचार मंच, शरणजीत सिंह, मुकुल यादव, विनीत सराठे, राकेश श्रीबाल, डॉ. हर्ष कुमार तिवारी, राहुल अग्रवाल एवं जावेद भाई के सहयोग से किया गया। नाटक भूमि महाभारत के वनपर्व की पृष्ठभूमि पर अर्जुन चित्रांगदा की कथा पर आधारित है। अर्जुन - चित्रांगदा की कथा प्रचलित होते हुए भी बहुश्रुत नहीं है। कथा प्रभंजन से शुरू होकर अंत में अर्जुन-चित्रांगदा के जीवन से होते हुए ऐसे प्रश्न पर जाकर खड़ी हो जाती है जहां चरित्र मिथक होते हुए भी आधुनिक स्त्री -पुरुष हो जाते हैं और उनके प्रश्न हो जाते हैं। जहां चित्रांगदा संपूर्ण नारी जाति का प्रतिनिधि करती है, तो अर्जुन संपूर्ण नर जाति का। भू-स्वामी बनने की चाह हर मनुष्य की होती है7 वो जीवन भर इस प्रयास में रहता है, और जब ये चाह लालच में बदल जाती है तब महाभारत भी उसे पूरा नहीं कर पाती। इतने युद्धों से होकर भी मनुष्य आज भी भूमि के वर्चस्व के लिए लड़ रहा है 7 पर स्त्री कोई भूमि नहीं। ऐसा क्या है कि आदमी ने इतिहास से कुछ नहीं सीखा यही खोज हमें मिथकों तक ले जाती है। भूमि की भूमि भी यही है जिस पर जाना पहचाना लेकिन असफल प्रेमगीत है, जिसका निर्णय आने वाले पीढ़ी पर छोड़ दिया है, जिसका प्रतिनिधित्व बब्रुवाहन करता है।

### यह प्रस्तुति समागम रंगमंडल के कलाकारों

स्वाति दुबे, ज्योत्स्ना कटारिया, शिवांजलि गजभिये, मानसी रावत, साक्षी दुबे, साक्षी गुप्ता, आयुषी राव, हर्षिता गुप्ता, हर्षित सिंह ठाकुर, शिवाकर सप्रे, अंकित कुमार, विधान कटारे, उत्सव हंडे, अर्पित खटीक, नमन सेन, सितांशु पाल, शिवम् बावरिया, वन्दित सेठी, अनमोल किरार द्वारा दी गई।



# प्रबंधन, कर्मचारियों के बीच सेतु है अराज.अधिकारी एआईएएनजीओ व्हीएफजे ब्रांच की वार्षिक बैठक संपन्न

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस अखिल भारतीय अराजपत्रितअधिकारी संघ व्ही एफ जे ब्रांच की सालाना बैठक सुभाष चंद्रा अध्यक्ष सिटीजन वेलफेयर एसोशिएशन के के मुख्यातिथ्य एवं विशिष्ट अतिथिआशीष तिवारी पूर्व सचिव व्ही एन कमलाकर एम एन सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई।चेयरमैन कामता प्रसाद द्विवेदी सचिव जितेन्द्र दुबे ने वर्ष भर के कार्यो पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि नेआने वाली चुनौतियों निगमीकरण के बाद के मुद्दों पर प्रकाश डाला।व्ही एन कमलाकर एम एन सिंह और एस एन पाण्डेय द्वारा संगठन को मजबूत करने आव्हान किया। आमसभा मे पूर्व पदाधिकारी शरद कुमार ए एन मिश्रा हरीश चंद्र एम पी बरेठ, डी थुलकर, आर मसीह, शजन शाह, नीरज दुबे, राजकुमार, राजमोहन नटराज अय्यर, नरेन्द्र आदि उपस्थित थे।

# विद्युत पेंशनर्स को भी पांच प्रतिशत मंहगाई भत्ता के आदेश शीघ्र जारी कराएं मुख्यमंत्री: विधुत फेडरेशन



**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से अपील की है कि वह राज्य के विधुत पेंशनर्स को भी जुलाई 2022 से पांच प्रतिशत मंहगाई राहत भत्ता दिलाने का आदेश जारी कराएं। प्रदेश के विद्युत पेंशनरों की निरंतर उपेक्षा की जा रही है मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन मुख्यमंत्री से अनुरोध करती है कि राज्य शासन के अनुरूप सारी सुविधाएं विद्युत कंपनियों को बनाते समय आश्वस्त किया गया था कि विद्युत कंपनियों की सेवा शर्तो में कोई परिवर्तन नहीं होगा राज्य शासन के अनुरूप सारी सुविधाएं मिलेंगी परंतु खेद का विषय है कि उनकी न्यायोचित मांगों का निराकरण कंपनियों द्वारा नही किया जा रहा है मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन आपसे अपेक्षा करती है कि विद्युत पेंशनरों की मांगों का निराकरण जो की निम्नानुसार है। 1 केंद्र के समान महंगाई भत्ता, 2 पेंशनरों की आयुष्मान योजना/ पेंशन बीमा योजना कैशलैस योजनाओं से जोड़ा जावे, 3 चिकित्सा भत्ता धारा 49 को विलोपित किया जाए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार 79 वर्ष में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जावे माह सितंबर 2022 में जो पेंशन 5 सितंबर में जो पेंशन विलंब हुआ था उसकी पुनरावृत्ति ना हो फेडरेशन के अनुसार बिजली की छूट प्रदान की जाए एवं जुलाई 2022 से 5प्रतिशत डीए की घोषण भी पेंशनरों के लिए की जाए। फेडरेशन के अध्यक्ष इंटक नेता एस पी मिश्रा, आई के अग्रवाल राकेश, डी पी पाठक, सुनील कुरेले, आर एस परिहार, एच के डे, ए के गुप्ता, विजय डोंगरे, आर के सोनी, बसंत मिश्रा एस के पचौरी दिनेश दुबे आदि ने मुख्यमंत्री ी से अपील की है कि कृपया विद्युत पेंशनरों की उक्त मांगों पर गंभीरता से विचार करें।

# मां नर्मदा प्राक्टयोत्सव की पूर्व संध्या पर उमा घाट पर 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार से होगा

**जबलपुर यशभारत।** प्रति वर्ष अनुसार इस 20 वे वर्ष में मां नर्मदा उमाशंकर चुनरी भक्त समिति के द्वारा मां नर्मदा प्राक्टयोत्सवकी पूर्व संध्या 27 जनवरी शुक्रवार सायं 4~00 बजे उमाघाट ग्वारीघाट में पूज्य संत महात्माओं के नेतृत्व में उमाघाट से उस पार गुरुद्वारा घाट तक नर्मदा जी को 1100 फुट की चुनरी से श्रृंगार किया जाएगा। इस अवसर पर नर्मदा जी का पादुका पूजन दुग्ध अभिषेक महआरती कन्या पूजन भंडारा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे उपस्थिति की अपील समिति के संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष जय किशन गुप्ता नर्मदा पुत्र अमर सिंह ठाकुर ना राकेश अहिरवार सोनू सैनी प्रमोद नागर सुरेंद्र खरे राजेश साहू समीर पटेल नितेश पटेल अतुल विश्वकर्मा संदीप ठाकुर मोनू सोनकर आशीष बाजपेई गोलू पुरी गोस्वामी सोनू पंडा मनोज कमल विश्वकर्मा एवं कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई महिला मंडल की बहने उपस्थित रहेंगी।

# अभाविप ने आयोजित की विशाल साइकलोथौन रैली



**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद 12 जनवरी युवा दिवस से 23 जनवरी पराक्रम दिवस तक युवा पकवाड़ा महोत्सव के रूप में मनाता आरहा है इसी तारतम्य में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में जबलपुर महानगर के विवेकानंद भाग द्वारा साइक्लोट्रॉन प्रतियोगिता का आयोजन व्योहार बाग़ विद्यालय प्रांगण से प्रातः 7 बजे किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें लगभग 600 से अधिक विद्यार्थियों ने साइकल पर सवार होकर रैली के रूप में शहर भ्रमण किया व खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकेत दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री विपिन गुप्ता जी, महानगर अध्यक्ष अजय सोनकेसरिया, महानगर विद्यार्थी विस्तारक शुभम पटेल, महानगर मंत्री माखन शर्मा, महानगर सह मंत्री ऐश्वर्य सोनकर, विवेकानंद भाग संयोजक आयुष सोनकर, भाग मंत्री अनमोल सोनकर, संस्कृति राय, शोभित मिश्रा, प्रियांशु नामदेव, केतन वर्मा, महेश, शिवांक, प्रशांत, अरुन एवं भाग के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनपीएस के खिलाफ चलाया जनजागरण अभियान

# बीएमएस और बीपीएमएस ने पारित किया प्रस्ताव

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के संयुक्त आव्हान पर देश भर में एनपीएस के खिलाफ चलाए जा रहे जनजागरण अभियान के तहत गत दिवस जनवरी को जबलपुर की सभी आयुध निर्माणियो की संबद्ध यूनियनों एक मत से एनपीएस के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर द्वारा केंद्र सरकार से न्यू पेंशन स्कीम तत्काल रद्द करने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी 2004 से देश भर में न्यू पेंशन स्कीम लागू की गई। जिसके तहत शासकीय कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम से अलग करके उन्हे न्यू पेंशन स्कीम में ला दिया गया। सरकार और कर्मचारियों की यह अंशदान योजना पूरी तरह विफल है। इससे कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्राप्त नहीं हो रही है। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ ने कहा की न्यू पेंशन स्कीम लागू करके सरकार ने हठधर्मिता का परिचय दिया है। इसे तत्काल रद्द कर सभी केंद्र कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ दिया जाना चाहिए। दोनों संघों ने स्पष्ट किया कि हमओल्ड पेंशन प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।इसमें किसी तरह का समझौता को स्वीकार नहीं होगा।श्रमिक नेता नरेन्द्र तिवारी राम प्रवेश सिंह रूपेश पाठक सी एस साहू मनोज धर्मजन राजेंद्र चडरिया प्रेम लाल सेन मनोज रजक संतोष शर्मा सुशील साहू शशि भूषण पांडेय आदि अभियान में शामिल रहे।

# युवा कांग्रेस ने किया विजय नगर थाने का घेराव



**जबलपुर, यशभारत।** विजय नगर थाना अंतर्गत हो रही अनैतिक गतिविधियों के विरोध में युवा कांग्रेस अध्यक्ष जितिन राज के नेतृत्व में दीनदयाल चौराहे से एकत्रित होकर विजय नगर थाना तक पैदल मार्च कर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसमें पुलिस प्रशासन व थाना प्रभारी के विरुद्ध पुर जोर नारेबाजी की गई युवक कांग्रेस ने आरोप लगाया है पिछले 6 महीने से विजय नगर थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों को संरक्षण दिया जा रहा है यह केवल सत्तापक्ष के इशारों पर चल रही हैं और बड़े व्यवसायियों से कमीशन लेकर अनैतिक धंधे जैसे सेक्स रैकेट, हथियार बेचना, गांजा बेचना शराब, जुआ जैसी गतिविधियां खुलकर संचालित हो रही है थाना प्रभारी महोदय किसी भी आमजन एवं जनप्रतिनिधि का फोन रिसीव नहीं करती हैं इन सब बातों के विरोध में युवक कांग्रेस ने गांधीवादी तरीके से रैली निकालकर विजय नगर थाने का घेराव किया है एवं चेताया है कि आने वाले समय में इन सब समस्याओं पर यदि कोई निराकरण नहीं निकलता है तो युवक कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगा एवं विजय नगर थाना प्रभारी महोदया की निलंबन की मांग भी करेगा। सी एस पी तुसार सिंह के आश्वासन पर इस धरने को कुछ समय के लिए स्थगित किया गया है और यदि विजय नगर में संचालित हो रही अनैतिक गतिविधियों पर विराम नहीं लगता तो आंदोलन पुनः प्रारंभ किया जाएगा आंदोलन में प्रमुख रूप से मनीष खरे, सक्षम गुलाटी, भानु यादव, सोनू कुकरेले, कपिल भोजक, सुशील धर, अमन अरबी, जय ठाकुर, पंकज पटेल, राज विश्वकर्मा, बसंत ठाकुर, बृजेश पटेल, सचिन जैन, अंकुर गुप्ता, राजा रैकवार, छोटू नामदेव, मयूर सक्सेना, रोहित रैकवार, निखिल जैन, मोंटी अग्रवाल, अभिषेक रैकवार, राजेंद्र अहरिवार, आशीष पटेल, स्वप्निल त्रिवेदी, पिंटू चौधरी, गोल्डी ठाकुर, रिंकू चौधरी, शुभम बोहित,, आकाश शर्मा, रिंकू शर्मा, अंकित मिश्रा, साहिल समुंद्रे, शुभम् अग्रवाल, करण ठाकुर, ललित चौधरी, रवि चौंधरी, सौरव मिश्रा, गगन गुप्ता, सुनील दुबे, आशुतोष शुक्ला, विराज यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रानी दुर्गावती समाधि स्थल होगा जनजातीय गौरव स्थल के रूप में विकसित

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर सहित पूरे महाकौशल में वीरता और गौरव की प्रतीक रानी दुर्गावती जी के समाधि स्थल को जनजातीय गौरव स्थल के रूप के विकसित करने के साथ म्यूजियम का निर्माण किया जाएगा यह जानकारी सांसद राकेश सिंह ने सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम में रानीताल स्टेडियम में दी। सांसद श्री सिंह ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि हमारे जबलपुर और महाकौशल की गौरव के रूप में रानी दुर्गावती है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने पीठ पर बच्चे को बांधकर दोनों हाथों में तलवार लेकर आक्रांताओं को खदे?ा था और अंत मे वीरगति को प्राप्त हुई थी ऐसी वीरांगना के समाधि स्थल को गौरव स्थल के रूप में विकसित करने के साथ ही उनके इतिहास और उनकी वीरगाथा को देखने और नई पी?ी को उनके कृतित्व एवँ व्यक्तित्व को बारे में बताने के लिए म्यूजियम का निर्माण किये जाने की मांग केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल जी से की थी इस पर उन्होंने सहमति देते हुए समाधि स्थल में इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु म्यूजियम ग्रांट स्कीम एवँ टैगोर कल्चरल कॉम्प्लेक्स स्कीम के तहत 10 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

# नेताजी के विचार युवाओं के लिए प्रेरणा



**जबलपुर, यशभारत।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ, के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर संगोष्ठी आयोजित की गई। नेताजी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।। अध्यद्वा धनंजय बाजपेई ने कहा कि नेताजी के विचार युवाओं के लिए प्रेरणा है जिसे आत्मसात किया जाना चाहिए। डॉ. अरुण मिश्रा ने कहा जो आजादी मिली है वह केवल अहिंसा, पराक्रम, सूत्र युवाओं आहुति पथ प्रमुख विशेष कारण था,। इस मौके पर विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता समेतअन्य वक्ताओं ने भी विचार रखें। कार्यक्रम में दिलीप रोहरा प्रियांशु तिवारी सिद्धांत तिवारी चेतन शुक्ला अमर पटेल गजेंद्र सेन पवन गुप्ता विनय शर्मा राकेश चक्रवर्ती बृजेश केसरवानी राजा खंडेलवाल रमेश कोहली कक्कू नामदेव विकास सेन आदित्य वर्मन यदुवंश मिश्रा सुधाकर मिश्र आदि उपस्थित थे

# आई एम ए वुमन डॉक्टर्स विंग का वार्षिक खेल उत्सव

## प्रतिभागियों ने दिखाया कौशल, बेस्ट परफॉर्मेंस पर मिले पुरस्कार



**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा क्लब में वुमनडॉक्टर्स विंग द्वारा वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे 5 वर्ष से 70 वर्ष तक की आयु के प्रतिभागियों उसाह के साथ भाग लिया। इस उत्सव का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष डॉ चित्रा जैन प्रदेश सचिव डॉ सोनल रिछारिया तथा नवगठित जबलपुर अध्यक्ष डॉ नीना श्रीवास्तव एवं सचिव डॉ कावेरी शॉ द्वारा किया गया। जिसमे 50 मीटर दौड़ बलून ब्लास्टिंग, लेमन रेस, म्यूज़िकल चेयर, चेस, बैटमिंटन, टेबल टेनिस व अन्य खेल, खेल संररक्षक श्री अमित चौरसिया के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम मे डीन प्रोफेसर गीता गुइन, आई एम अध्यक्ष डॉ अमरेन्द्र पाण्डेय, संगीता श्रीवास्तव, डॉ रीता शुक्ला, डॉ अल्का अग्रवाल, डॉ निशा साहू, डॉ संध्या जैन, डॉ शारदा मिश्रा, डॉ रंजना गुप्ता, डॉ कुसुम जैन, डॉ माणिक पनसे, डॉ आशा तिवारी, डॉ ममता महोबिया, डॉ मंजुला अग्रवाल, डॉ अनुमिति जैन, डॉ कमला लालवानी, डॉ मीनल जैन, डॉ निधि दीक्षित, डॉ सुभाली शर्मा, डॉ कोमल जैन, डॉ गुंजन शर्मा, डॉ रूमीता आचार्य एवं लगभग 90 प्रतिभागियों ने भाग लिया प्रतिभागी विजेताओं को प्रथम द्वतिया एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ रोमा नाग के कुशल नेतृत्व में किया गया।

# भगवती बगलामुखी माता की भव्य-दिव्य शोभायात्रा निकली



**जबलपुर, यशभारत।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर, स्थित भगवती पीतांबरा माँ बगलामुखी माता जी का भव्य-दिव्य पाटोत्सव आज मनाया गया।इस अवसर पर जगद्गुरु शंकराचार्य जी के निजी सचिव एवं मठ मंदिर सलाहकार समिति के अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुध्दानन्द महाराज का शुभ नगर आगमन हुआ। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज श्री के सानिध्य में मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित हुए।प्रातःकाल मंगल आरती के बाद सर्वप्रथम माँ भगवती का श्रृंगार, पूजन एवं कमल के पुष्पों से भगवती का सहस्त्रार्चन किया गया। तत्पश्चात् मध्यान्ह 12~00 बजें भगवती की भव्य शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लाडगंज थाना, बड़ा फुहार, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, श्री राम मंदिर होते हुए पुनः श्री बगलामुखी मंदिर प्रांगण में पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुई। उसके उपरान्त माँ पीतांबरा का महाप्रसाद (भण्डारा) वितरित किया गया। रात्रि में माँ भगवती पीतांबरा बगलामुखी माता जी के सहस्त्र नामों से द्राक्षार्चन, विशेष पूजन एवं पंच-महाआरती रात्रि 8~00 बजे की की गई।इस अवसर पर ब्रह्मचारी श्री सुबुध्दानंद जी महाराज श्री ने बताया कि माता बगलामुखी दस महाविद्याओं में आठवीं महाविद्या हैं। इन्हें माता पीताम्बरा भी कहते हैं। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी तरंग है वो इन्हीं की वजह से है। ये भोग और मोक्ष दोनों प्रदान कराने वाली देवी है बगलामुखी माता भक्तों का कल्याण करतीं हैं और शत्रुओं से उनकी रक्षा करतीं हैं।इस अवसर पर विधायक विनय सक्सेना, भारत सिंह यादव, रोहित जैन, अयोध्या तिवारी, मधु यादव, कुण्डल राव, योगेन्द्र दुबे, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, बी.के. पटेल, पद्मा मेनन योगेन्द्र सिंह ठाकुर, अतुल वाजपेई, मनोज सेन आदि।

# पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस में संस्कारधानी के लिफ्टरों का शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि औरंगाबाद महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग 6 दिवसीय बेंचप्रेस प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें जबलपुर के आठ लिफ्टरों ने क्रमशः स्वर्ण, रजत और कास्य पदक जीत कर संस्कारधानी का नाम रोशन किया. नाम रोशन करने वाले खिलाडियों मे श्री एस टंडेलू, लक्की पटेल, सुनीता पंच, पूजा कुमारी, मोनिस, दीपक तिवारी, विजय छत्रे, राजश्री कोरी आदि खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किये. एस टंडेलू, स्ट्रॉग मेन पुरुष वर्ग एवं सुनीता पंच ने महिला वर्ग में नेशनल कीर्तिमान स्थापित किया.इस अवसर पर डब्लू लाल, जान, जगदीश रजक, लॉरेंस मॉर्टिन, मानसिंग, दिनू स्वामी, दत्ता भाऊ, सुनील सोनकर, राक्शन, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, धनराज पिल्ले आदि ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जबलपुर साइंस यूनिवर्सिटी का कारनामा

# औचक निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर रहा विश्वविद्यालय

**जबलपुर, यशभारत। मेडिकल विश्वविद्यालय से सम्बंधित पेरमेडिकल नर्सिंग महाविद्यालय की मान्यता ओर संबद्धता को लेकर उपजी आग अब ठंडा होने का नाम नही ले रही जहा एक ओर मानव संसाधन भवन ओर अन्य प्रायोगिक सुविधा ना होने के कारण पूर्व में कमिश्नर ने कुलपति पद पर रहते विश्वविद्यालय से संबद्धता देने से साफ़मना कर दिया था वही माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सीबीआई जाँच के आदेश दे दिए वही कमिश्नर के कुलपति पद से हटते ही एक बार फ़िर इन महाविद्यालय को संबद्धता देने के लिए नए नए पेतेर अपना रहा हे जबकि विश्वविद्यालय में महामहिम राज्यपाल द्वारा नियुक्त कायज़परिषद सदस्य ओर आयुक्त आयुष के प्रतिनिधि द्वारा इनका विरोध किया गया। पहले ओचक निरीक्षण में ना महाविद्यालय संचालक को टीम के बारे पता रहता ना ही इन्स्पेक्टर को कालेज का नाम।**




### पहले से नाम बता दिया गया कमेटी को

पूर्व में हुए दो महाविद्यालय के ओचक निरीक्षण में सम्बंधित निरीक्षण। कमेटी को महाविद्यालय का नाम नही बताया जाता ओर महाविद्यालय के नाम की जगह एक्स कालेज लिख दिया जाता था मगर इस बार महाविद्यालय को टीम ओर निरीक्षण समिति को महाविद्यालय का नाम बता दिया जा रहा है जो औचक् निरीक्षण को संदेहास्पद बना रहा ओर महज़ ओचक निरीक्षण के नाम पर रस्म अदाए कर रहा है। वरिष्ठयता को दरकिनार कर कनिष्ठ को भेजा जा रहा निरीक्षण में ओर एक व्यक्ति से कराया जा रहा दो से तीन कालेज का निरीक्षण।

### छात्र संगठन का आरोप

छात्र नेता अभिषेक पांडेय। ने आरोप का कहना हे की विश्वविद्यालय पूरी तरह से भ्रष्टाचार की बानगी बना हुआ हे अभी पेपर लीक। कभी रिज़ल्ट गड़बड़ तो कभी कुलसचिव कायज़परिषद को बाइपास करते तो कभी कुलपति को अपशब्द ओर अब तो छात्रहित की आड़ लेकर उन महाविद्यालय को मात्र शपथ पत्र पर संबद्धता दे दी जो पूवज़ में ही मनकों पर खरे नही उतरे ओर वरिष्ठता को दरकिनार कर सेटिंग वाले लोगों को निरीक्षण करने भेजा जा रहा यदि विश्वविद्यालय सच में छात्र हित में कायज़करने की बात कह रहा तो परीक्षा परिणाम में लापरवाही करने वाले नियंत्रक को तत्काल हटा कर अनुभवी अधिकारी की नियुक्ति करे।



## नर्सिंग छात्रों ने घेरा विवि, सत्र को 3 साल हुए आज तक नहीं हुई परीक्षाएं

**जबलपुर, यशभारत।** प्रथम वर्ष के नर्सिंग छात्रों ने छात्र संगठन के बैनर तले आज मंगलवार को विवि पहुंचकर घेराव किया। करीब एक घंटे तक छात्रों ने विवि परिसर में बैठकर जनरल प्रमोशन की मांग रखी। छात्रों का कहना था कि 3 साल सत्र को हो गए लेकिन परीक्षा आज तक नहीं हुई।

नर्सिंग छात्र संगठन ने सत्र 2020-21 के सभी नर्सिंग कोर्सेस जैसे बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग व एमएससी नर्सिंग के सभी स्टूडेंटस को जनरल प्रोमोशन दिया जाए क्योंकि सत्र 2020-21 के नर्सिंग स्टूडेंटस के सत्र को चलते हुए लगभग 3 साल हो चुके हैं फिर भी इनके 1ह्यह्ल ईयर के एग्जाम भी नही हुए हैं। इस कारण सभी स्टूडेंटस आर्थिक व मानसिक रूप से बहुत परेशान हैं। इनका सत्र समय पर आ सके इसलिए इस मामले पर उचित कार्यवाही की जाए। पूर्व में कई बार संगठन दवारा 2020-21 सत्र के नर्सिंग स्टूडेंटस की समस्या से अवगत कराए जाने के बाबजूद भी यूनिवर्सिटी दवारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और एग्जाम डेट कई बार पोस्ट पॉड की गई। यूनिवर्सिटी में चल रहे भ्रष्टाचार और लेटलतिफी का खामियाजा नर्सिंग स्टूडेंटस क्यों उठाए। अगर अब भी यदि संगठन की मांगों पर तत्काल उचित कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन दवारा मुख्यमंत्री , राज्यपाल को आंदोलन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा और जरूरत पड़ी तो यूनिवर्सिटी में भूख हड़ताल की जाएगी। लेकिन स्टूडेंटस के भविष्य के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जाएगा।

### ग्राम इटवा इमलिया पाटन में सुरेंद्र दुबे शास्त्री के उद्गार

## मोक्ष का साधन है श्रीमद्भागवत



**जबलपुर, यशभारत।**पाटन तहसील के अंतर्गत ग्राम इटवा इमलिया में आयोजित 57 वा श्री रूद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे शिव मंदिर कचनार सिटी विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र दुबे शास्त्री जी महाराज ने कहा की श्रीमद् भागवत कथा मोक्ष को प्रदान करने वाली है। गया तीर्थ में भी जिसका तर्पण एवं पिंडदान करने से उद्धार नहीं होता, उस जीव का श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से कल्याण हो जाता है7 शास्त्री जी का स्वागत आयोजन समिति द्वारा किया गया। शास्त्री जी के उद्बोधन के पश्चात भागवत कथा व्यास पंडित उमेश मिश्रा ने श्रीमद् भागवत कथा का वर्णन का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के एक श्लोक के श्रवण मात्र से ही जीव को मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है7 इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

### एक दिवसीय हड़ताल के चलते कर्मचारियों ने डीन को सौंपा ज्ञापन

# मेडिकल में लैब कर्मचारियों की हड़ताल



## परेशान हुए मरीजों के परिजन

**जबलपुर, यशभारत।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में आज किसी भी तरह की जांचें नहीं हुई। इसका ऐलान करते हुए लैब कर्मचारियों ने एक दिवसीय सामूहिक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया और काम बंद रखा। लैब कर्मचारियों की हड़ताल से ऑपरेशन और अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं पर सीधा असर पड़ा।

मप्र लैब टेक्नीशियन संघ के वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि जायज मांगों को सरकार को पूरा करना चाहिए, सहयोग के लिए हमेशा खड़े रहने का आश्वासन दिया। ग्रेड पे बढ़ाने, पदनाम परिवर्तन, प्रमोशन चैनल, रिस्क एलाउंस, संविदा को नियमित किया जाए, आउटसोर्स एजेंसी से कार्य बंद कराया जाए, रिक्त पद शीघ्र भरे जाएं ताकि बेरोजगारी दूर हो मांगों का समर्थन किया। शासन कर्मचारियों की उपेक्षा कर रही है जिस कारण सभी कर्मचारी संघ हड़ताल कर रहे हैं। इसी के तहत मंगलवार को समस्त लैब के कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद हड़ताल पर जाने का निणर्य लिया है।

### ज्ञापनों का असर नहीं हुआ इसलिए काम बंद हड़ताल

*वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन को लैब टेक संवर्ग ने प्रदेश स्तर से पूर्व के वर्षों में ज्ञापन एवं पत्राचार के माध्यम से कई बार अपनी मांगों से अवगत करवाया, लेकिन वर्तमान शासन द्वारा किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की गई, जिसके कारण 9 जनवरी को प्रदेश भर में लैब संगठन एकदिवसीय सामूहिक अवकाश पर थे एवं 18 जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर होने को बाध्य हुए है और जब तक हमारी मांगों पर विचार करके कोई हल नहीं निकाला जाता हम प्रदेश संगठन के साथ इस हड़ताल में शामिल रहे।*

### इन मांगों को लेकर हड़ताल

13 सूत्रीय मांग में लैब टेक्नोलॉजिस्ट ने पदनाम परिवर्तन कर लैब ऑफिसर, ग्रेड पे 2800 से 4200 करने, राज्य शासन के नियमित पद पर कार्य रहे संविदा कर्मचारियों को पूर्ण वेतन 100 प्रतिशत देने, लैब असिस्टेंट का ग्रेड पे 2800 करने, लैब अटेंडेंट का ग्रेड पे 2400 करने, सभी परियोजनाओं में कार्यरत लैब टेक्नीशियन को नियमित पद पर समायोजित करने की मांग की है, इसके साथ ही रिस्क अलाउंस, रात्रिकालीन भत्ता, निश्चित अंतराल में प्रमोशन आदि अनेक मांगे की है, जिस पर शासन को विचार करने की आवश्यकता होगी।

### जिला अस्पतालों में परेशान हो रहे मरीज

जिला अस्पताल में इन दिनों खून जांच एवं अन्य जांचों को जिम्मा आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे है, नियमितकर्मचारियों की तुलना में वैकल्पिक कर्मचारी काम चलाउ कार्य कर रहे है, जिससे जांच की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है साथ ही ब्लड बैंक में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए आउटसोर्स के कर्मचारी कार्य कर रहे है जिसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते है । जिला अस्पताल में वर्तमान में सैंकड़ों मरीजों की जांच होती है इसके साथ ही मरीजों को ब्लड की आवश्यकता प्रतिदिन रहती है, लैब कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से सभी सेवाएं प्रभावित है, वैकल्पिक कर्मचारियों से काम चलाऊ कार्य लिया जा रहा है, लेकिन उसकी गुणवत्ता मानकों के अनुरूप काम नहीं हो रहा है।

## वनभोज- संस्कृति और प्रकृति का अद्भुत समन्वय



**जबलपुर, यशभारत।** वनभोज का आनंद मानो संस्कृति और प्रकृति का अद्भुत समन्वय माना जा सकता है। पारिवारिक समन्वय, परिचय, परस्पर सहयोग के साथ-साथ सांगठनिक ताकत को वनभोज के जरिए बढ़ाने के उद्देश्य से गौड़ ब्राम्हण सभा का वनभोज सह परिवार मिलन समारोह बरगी नगर स्थित नंदीश्वर मंदिर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसमें भारी संख्या में समाजिक जनों ने हिस्सा लेकर इस पिकनिक सह वनभोज को अभूतपूर्व सफल बनाया। बच्चों एवं महिलाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। तम्बोला का खेल हुआ। उसके बाद पुरस्कार वितरण हुआ। ॠतुराज बसंत के आगमन की बेला में बासंती परिवेश में सजी धजी महिलाएं आयोजन की शोभा बढ़ा रही थीं। कार्यक्रम में बच्चों-महिलाओं सहित पुरुष वर्ग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। म्यूजिकल चेयर, ट्रॉली गेम एवं तंबोला जैसे अद्भुत खेल खेलाया गया।इन प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

## भर्तियों में दिव्यांगों को आरक्षण नहीं देने पर जवाब मांगा

### रादुविवि को आयुक्त निश्शक्तजन ने थमाया नोटिस

जबलपुर यशभारत। रादुविवि में बैगलॉग के रिक्त शिक्षकीय पदों को लेकर चल रही भर्ती में दिव्यांगजनों को आरक्षण देने में की जा रही अनियमितताओं को आयुक्त निश्शक्तजन संदीप रजक ने रादुविवि प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा बैगलॉग रिक्त शिक्षकीय पदों पर भर्ती की जा रही है। लेकिन पूरी प्रक्रिया में यह स्पष्ट नहीं है कि दिव्यांगजनों को आरक्षण का लाभ किस तरह से दिया जाएगा। जिससे भ्रम की स्थिति निर्मित हो गई है। दिव्यांगजनों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक शिकायत आयुक्त निश्शक्तजन को दी गई थी। जिसकों संज्ञान में लेते हुए 17 जनवरी को आयुक्त निश्शक्तजन कार्यालय से एक कारण बताओं नोटिस जारी हुआ है। जिसमें रादुविवि प्रशासन से 15 दिनों के भीतर जबाव प्रस्तुत करने को कहा गया गया है। आयुक्त कार्यालय ने स्पष्ट संकेत दिए है कि शासकीय विभागोंए विश्वविद्यालयों को शासन के निर्देशों का पालन करना ही होगा। भर्ती प्रक्रिया में दिव्यांग जनों के लिए चिहिंत पदों को स्पष्ट रूप करना आवश्यक है। इस मामले में जबाव से संतुष्ट नहीं होने पर लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई होगी। वहीं भर्ती प्रक्रिया पर रोक भी लगाई जा सकती है।

## आदेश पटेल बने मिस्टर महाकौशल सुमुख दुबे फिजिक मैन



**जबलपुर ,यशभारत।** जिला बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में सिविल लाइन थाने के सामने स्थित मैदान में आयोजित महाकौशल बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप में मिस्टर महाकौशल का खिताब आदेश पटेल जीता, जबकि सुमुख दुबे फिजिक मैन बने। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओलिंपिक संघ के सचिव दग्विजय सिंह रहे। अध्यक्षता दैनिक भास्कर के डायरेक्टर शिवा अग्रवाल ने की। इस प्रतियोगिता में आदेश पटेल मिस्टर महाकौशल और सुमुख दुबे फिजिक मैन का खिताब जीता। खिताब विजेता शरीर साधकों को ट्रॉफी - नकद राशि से पुरस्कृत किया। गया। उमाकांत चौकसे ने बताया कि प्रतियोगिता के 50 से 55 किया में प्रथम संदीप कुशराम, द्वितीय रामानुज कुशराम, तृतीय शशांक राठौर, 55 से 60 किग्रा में प्रथम अंशुल प्रजापति, द्वितीय भूपेश पासकर, तृतीय मो. आरिफ, 60 से 65 किग्रा में प्रथम जय देव राव, द्वितीय रितिक पटेल, तृतीय अंकित केवट, 65 से 70 किग्रा में प्रथम आदेश पटेल, द्वितीय पीएच गोबिन, तृतीय रोहित कोष्टा, 70 से 75 किग्रा में प्रथम सुमित सिंह ठाकुर, द्वितीय अनुज पटेल, तृतीय सुमुख दुबे, 75 से 80 किग्राहरिप्रीत सिंह, तृतीय मानिल पटेल, 80 से 85 किग्रा में प्रथम राष्टन कामले, द्वितीय पार्थ श्रीवास, मैन फिजिक 165 सेमी ऊंचाई से कम में अंशुल प्रजापति प्रथम, अंकित केवट द्वितीय, भूपेश पारकर तृतीय, 165 सेमी से अधिक ऊंचाई में सुमुख दुबे प्रथम, अनुज पटेल द्वितीय व रितिक पटेल तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रदेश शरीर सौष्ठव संघ के महासचिव अतिन तिवारी, उपाध्यक्ष शरद अग्निहोत्री, रमनजीत चोपड़ा, कमलेश अग्रवाल, जॉन सत्या, अश्विनी पांडे, लॉरेंस मार्टिन, आशीष विश्वकर्मा, शशांक ॠषि चौरसिया, फैजान, देवजीत चटर्जी आदि उपस्थित रहे।

## कालोनी के मार्ग का गेट बना परेशानी को कारण

**जबलपुर, यशभारत।** मेखरा नया वार्ड क्रमांक 74 में संस्कार परिसर कालोनी द्वारा पुरानी बस्ती से जाने वाले कालोनी के मार्ग का गेट लगाने के कारण लोगों को खासी परेशानी हो रही है। कालोनी से होकर स्कूल आने जाने वाले बच्चों के परिजनों से रोजाना कालोनी वालों और बिल्डर का विवाद हो रहा है। बताया जाता है इस कालोनी से कुछ ही दूरी पर आधा दर्जन के करीब स्कूल है और स्कूल आने जाने के लिये अभिभावक एवं स्कूली वाहन वाले इसी मार्ग से आते जाते है। विगत दिनों कालोनी वालों ने यह कहते हुये कालोनी का गेट बंद कर ताला जड़ दिया कि यह रास्ता खुला होने के कारण दिनभर इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही होती है जिस कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है इस वजह से गेट को बंद करना पड़ा। बताया जाता है गेट बंद होने से स्कूल आने जाने वाले बच्चों, अभिभावकों करेंगे।और स्कूली वाहनों को चक्कर लगाकर स्कूल जाना पड़ रहा है जिससे व्यर्थ में उनका समय खराब हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गेट नहीं खोला गया तो वे इस मामले में कलेक्टर से मिलकर शिकायत करेंगे।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस नि:शुल्क रक्तदान ग्रुप के द्वारा 16वा रक्तदान शिविर

**जबलपुर, यशभारत। देश के महानायक आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस निशुल्क रक्तदान ग्रुप के द्वारा भंवरताल पार्क में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर के आयोजक विष्णु विनोदिया के द्वारा यह सफलता पूर्वक सोलवा शिविर है आज की इस कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया जी मुख्य अतिथि थे।**



शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी जबलपुर संगठन मंत्री मनोज सेठ जबलपुर ट्रांसपोर्ट सियो सचिन विश्वकर्मा पिछड़ा वर्ग महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशीला कनौजिया भारत जोड़ो पदयात्रा सेवादल के प्रदेश यात्री जितेंद्र यादव श्रीमती भानु सिंह सुश्री भाग्यश्री गोस्वामी श्रीमती रेखा रैकवार प्रशांत कोरी अजय गुप्ता श्रीमती गौरी सेन काजल खान महेश मिश्रा उमेश पटेल अनिल विश्वकर्मा आसिफ खान नीरू संग्राम आकाश श्रीपाल दीपक पटवा अंशु ठाकुर रुचि सेन शिवम बक्शी अनिल गुप्ता अभय गुप्ता गायत्री केवट दीपक कुशवाहा आयुष शर्मा आकाश पटेल विकास जाट उपस्थित थे। इस शिविर में जिला चिकित्सालय विक्टोरिया हॉस्पिटल के डॉक्टर अमिता जैन और ब्लड बैंक प्रभारी मुकेश मिश्रा तथा उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दी शिविर के आयोजक विष्णु विनोदिया जी ने बताया कि थैली सीनियर सिकलसेल से पीड़ित बच्चों के लिए प्रतिवर्ष भारत के आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर शिविर का आयोजन लगातार किया जाता है आज के इस शिविर मै कई यूनिट रक्त एकत्र किया गया यह रक्त थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को दिया जाएगा क्योंकि इस बीमारी से निरंतर बच्चों की जाने जा रही है ताकि उन बच्चों जान बचाई जा सके। रक्तदान शिविर में युवाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION, JABALPUR (M.P.)**

S. No. EE (W)NNJ/2022-23/PRO-684 Date : 23.01.2023

**NOTICE INVITING TENDER**

Jabalpur Municipal Corporation invites proposal for annual rates contract for Material Purchase under Municipal Corporation, Jabalpur for City Water Supply.

Detail of tender's can be obtained from our website - www.mptenders.gov.in

**Executive Engineer (W)**
**Minicipal Corporation, Jabalpur**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION, JABALPUR (M.P.)**

S. No. EE (W)NNJ/2022-23/PRO-683 Date : 23.01.2023

**NOTICE INVITING TENDER**

Jabalpur Municipal Corporation invites proposal for annual rates contract for Maintenance under Municipal Corporation, Jabalpur for City Water Supply.

Detail of tender's can be obtained from our website - www.mptenders.gov.in

**Executive Engineer (W)**
**Minicipal Corporation, Jabalpur**

# बीयू ने सीयूईटी से पिछली बार सिर्फ 5 यूजी कोर्स में दिए थे एडमिशन

## अब अगले सत्र से पीजी में भी देने की तैयारी

**भोपाल यशभारत।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) सत्र 2022-23 में अपने यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स (यूटीडी) में संचालित अंडर ग्रेजुएशन (यूजी) प्रोग्राम्स के अलावा पोस्ट ग्रेजुएशन में भी कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) के माध्यम से एडमिशन देने का प्लान बनाया है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तैयारी शुरू कर दी है। इसी सप्ताह में सभी एचओडी के साथ बैठक की जाएगी, जिसमें अंतिम रूप से निर्णय लिया जाएगा। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने सीयूईटी यूजी/पीजी-2023 के लिए सभी विश्वविद्यालयों को सूचना जारी कर दी गई है। इसके बाद बीयू ने भी आगामी सत्र में एडमिशन के लिए रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। पिछले सत्र में बीयू ने 5 डिपार्टमेंट के तहत सिर्फ 5 यूजी कोर्स में सीयूईटी-2022 के एडमिशन दिए थे। सीयूईटी में हुई देरी के कारण एडमिशन देर तक हुए। स्थिति यह बनी थी कि सभी कोर्स में एडमिशन नहीं हो सके। सीट भरने के लिए बीयू के लॉ डिपार्टमेंट के अंतर्गत संचालित बीएएलएलबी में भी कक्षा-12वीं के आधार पर एडमिशन देने पड़े। बीएएलएलबी के अलावा बीए, बीकॉम और दो बीएससी प्रोग्राम्स में सीयूईटी से एडमिशन दिए।

बीयू के करीब 23 टीचिंग डिपार्टमेंट में करीब 40 पीजी प्रोग्राम संचालित होते हैं। इनमें समाजशास्त्र, एजुकेशन, योगा साइंस, हिंदी, मनोविज्ञान, इकोनॉमिक्स आदि जैसे 18 एमए प्रोग्राम हैं। इसी तरह एमएससी फिजिक्स, इलेक्ट्रानिक्स, जेनेटिक्स, बायोसाइंस, बॉटनी आदि जैसे 17 एमएससी प्रोग्राम्स संचालित होते हैं। इनके अलावा एमकॉम भी संचालित है।

बीयू में सीयूईटी की को-ऑर्डिनेटर डॉ. मोना पुरोहित का कहना है कि यूजीसी को बताना होता है कि विवि में संचालित किन प्रोग्राम्स में प्रवेश दिए जाएंगे। इसके लिए प्रोग्राम्स की च्वाइस देनी होती है। कोशिश है कि सीयूईटी के आवेदन शुरू हों, इससे पहले यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यूजीजी का नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से सीयूईटी यूजी-2023 के लिए आवेदन की प्रक्रिया फरवरी पहले सप्ताह में शुरू किए जाने का प्लान है। परीक्षा 21 से 31 मई में आयोजित कराया जाएगा। इसी तरह सीयूईटी पीजी-2023 का आयोजन 1 से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा।



# 70 हजार बिजली कर्मी स्ट्राइक पर, कामों का बहिष्कार

**भोपाल यशभारत।** मध्यप्रदेश के 70 हजार से ज्यादा बिजलीकर्मी मंगलवार से हड़ताल पर चले गए हैं। यूनाइटेड फोरम फॉर पावर इंप्लाइज एवं इंजीनियर्स के बैनरतले वे कामों का बहिष्कार भी करेंगे। न तो लाइन फॉल्ट सुधारेंगे और न ही नए बिजली कनेक्शन देने की प्रोसेस करेंगे। ऐसे में आम लोगों के सामने मुश्किलें बढ़ जाएंगी। आउटसोर्स कर्मचारी पहले ही हड़ताल पर चल रहे हैं। जिसका समर्थन भी यूनाइटेड फोरम कर चुका है। संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारी 21 जनवरी से अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं। यूनाइटेड फोरम ने उनका समर्थन किया है। फोरम के प्रवक्ता लोकेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि आज अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। प्रदेश के बोर्ड, नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मी अपनी मांगों को पूर्ण कराने के संबंध में महाआंदोलन में शामिल होंगे। भोपाल के गोविंदपुरा में धरना प्रदर्शन करेंगे।लाइन फॉल्ट होने पर उसे सुधारने के लिए अमला नहीं पहुंचेगा। इस कारण लोग परेशान होंगे।

## लाइन फॉल्ट भी नहीं सुधारेंगे

नए बिजली कनेक्शन नहीं दिए जाएंगे। इस कारण लोगों को नए कनेक्शन के लिए इंतजार करना प?ेगा।
बिजली बिलों की वसूली भी नहीं हो सकेगी।
पेट्रोलिंग, सर्वे के काम नहीं होंगे।
संविदा बिजलीकर्मियों को तुरंत नियमित किया जाए।
आउटसोर्स कर्मचारियों को संविलियन करते हुए कार्यावधि एवं वरिष्ठता के अनुसार वेतनवृद्धि प्रदान करते हुए उनके भविष्य को सुरक्षित करने की नीति बनाई जाए। 20 लाख रुपए तक दुर्घटना बीमा भी कराया जाए।
पुरानी पेंशन बहाल की जाए। ताकि, रिटायरमेंट के बाद कर्मचारी और उनके परिवार का भविष्य सुरक्षित हो सके।
वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कमेटी बनाई जाए।
कई वर्षों से लंबित फ्रिंज बेनिफिटस का पुर्ननिरीक्षण करते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के लिए केसलेस मेडिक्लेम पॉलिसी लागू की जाए।

## भोपाल समेत 25 जिलों में वाहन- 4 से कमर्शियल वाहनों का रजिस्ट्रेशन शुरू

भोपाल , ईएमएस। भोपाल समेत प्रदेश के 25 जिलों में अब जो भी नए कमर्शियल वाहन खरीदें जाएंगे उनका रजिस्ट्रेशन नेशनल इंफॉर्मेटिक सेंटर (एनआईसी) के वाहन-4 के माध्यम से ऑनलाइन हो सकेगा। इन वाहनों के परमिट व फिटनेस जारी करने का काम भी ऑनलाइन ही होगा। हालांकि प्रदेश में चल रहे पुराने कमर्शियल वाहनों का डाटा, वाहन-4 पर ट्रांसफर होने के बाद ही रिन्यूअल ऑफ रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, एनओसी जैसे कार्य किए जा सकेंगे।इसमें करीब दो महीने का समय लगेगा। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एसके झा का कहना है कि होशंगाबाद में पायलट प्रोजेक्ट के बाद राजधानी में भी वाहन-4 के माध्यम से कमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन होने लगे हैं। भोपाल आरटीओ में रोजाना 30 से 50 तक कमर्शियल वाहनों के रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, एनओसी आदि के लिए जाते हैं, लेकिन इसके लिए वाहन स्वामी को अपनी गाड़ी और दस्तावेज लेकर फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए पहुंचना पड़ता है। अब नई प्रक्रिया से यह समस्या खत्म हो जाएगी।



# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**भोपाल यशभारत।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने सोमवार को अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। जिले की लगभग डेढ़ हजार से अधिक कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंची, जिन्हें वहां मौजूद पुलिस बल ने बाहर ही रोक दिया और कलेक्ट्रेट में अंदर नहीं जाने दिया। वह अपनी मांगों को लेकर शाम चार बजे तक धरना देती रहीं। यह धरना-प्रदर्शन मध्यप्रदेश आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ के नेतृत्व में किया गया था।संघ के विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे ने बताया कि कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपनी 11सूत्रीय मांगों को लेकर नीलम पार्क में धरना देने की अनुमति चाह रहीं थी, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली। इससे वह सोमवार को कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंची और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इस दौरान संघ के महामंत्री मधुकर सांबले, जिला मंत्री हीरा रानवे भी मौजूद थे। उन्हें अनुमति मिल गई है, इससे वह मंगलवार को नीलम पार्क में प्रदर्शन करेंगी।

### ये हैं प्रमुख मांगें

- मध्यप्रदेश महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत सभी को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। 1500 रुपये एरियर्स का भुगतान किया जाए।
- राज्य सरकार को केंद्र सरकार से समंवय कर नियमित करने के साथ ही सीधी भर्ती की जाने की नियमावली बनाए।- सभी को महंगाई भत्ता कम से कम 2500 से 12500 रुपये भुगतान किया जाए। - पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कराया जाए।- अन्य किसी कार्य में ड्यूटी न लगाई जाए। विभागीय एप और संपर्क एप को मर्ज करके एक ही एप से कार्य कराया जाए।- किराया बढ़ाकर दिया जाए।15 दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश दिया जाए।- पर्यवेक्षक पद पर सीधी भर्ती की जाए, मध्यप्रदेश के बाहर के आवेदन स्वीकार न किए जाएं। सभी केंद्रों को पूर्ण केंद्र बनाया जाए। - सेवानिवृत्त होने पर क्रमश~ एक लाख, 75 हजार रुपये तक राशि प्रदान की जाए।

# अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में भोपाल ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड,50 मिनट में 1,484 बच्चों ने बनाया एग्रो रोबोट में हुआ कवि सम्मेलन

**भोपाल , यशभारत।** दो तत्वों के मिलन का उत्सव है हम सबका जीवन...ज भोपाल के मैनिट में सोमवार को कुछ ऐसी ही पंक्तियां सुनाई दीं। यहां चल रहे अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में विज्ञान कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें कवियों ने विज्ञान से जुड़े विषयों पर कविताएं और गजलें पेश कीं। कविताओं के जरिए उन्होंने विज्ञान के कठिन विषयों को आम लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव में चविज्ञान साहित्य महोत्सवज का आयोजन भी हो रहा है। इसमें विज्ञान के साहित्य को लेकर कई परिचर्चाएं आयोजित हो चुकी हैं। इसी कड़ी में सोमवार को यहां विज्ञान कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ।जलवायु परिवर्तन, ज्वालामुखी जैसे विषयों पर कविताएं पढ़ी कवियों ने इस सम्मेलन में अमीबा, पायथगोरस, जलवायु



परिवर्तन, ज्वालामुखी, रोबोट, सोलर सिस्टम जैसे तमाम तकनीकी विषयों पर कविताएं पढ़ीं। सम्मेलन में पंकज प्रसून, मोहन सगोरिया, डॉ. दिनेश चमोला, ओम प्रकाश यादव, विशाल मुलिया, सुभ्रता मिश्रा, सुधीर सक्सेना, शुचि मिश्रा और सारिता घारू जैसे जाने माने विज्ञान कवि शामिल हुए।विज्ञान कवि सम्मेलन अध्यक्षता रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे ने की। मुंबई से आए अभिनेता और कवि नीलेश मिश्रा उनके साथ सह-अध्यक्ष रहे। दिल्ली से आए सुधीर सक्सेना भी मौजूद रहे। वहीं, गुजरात से आए विशाल मुलिया जीव विज्ञान के शिक्षक हैं। इसके साथ ही वे कवि और कार्टूनिस्ट भी हैं। कवि मोहन सगोरिया मध्यप्रदेश से निकलने वाली पत्रिका च्इलेक्ट्रॉनिकी आपके लिएज के सह संपादक हैं। वहीं दिनेश चमोला उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व डीन, मुख्य प्रॉक्टर और विभागाध्यक्ष रहे हैं।

मैनिट में चल रहा है महोत्सव

इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने पृथ्वी विज्ञान और परमाणु मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग और विज्ञान भारती के साथ मिलकर कराया। अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव का ये आठवां संस्करण भोपाल के मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में हो रहा है।

## भोजपाल नाम नहीं हो जाता, तब तक भोपाल नहीं आऊंगा :जगद्गुरु रामभद्राचार्य

**भोपाल ईएमएस।** भोपाल में श्रीराम कथा के पहले दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा, जब तक भोपाल का नाम भोजपाल नहीं होता, तब तक अगली कथा करने नहीं आऊंगा। भोजपाल नगरी के राजा भोज



पालक थे। जब सरकार होशंगाबाद का नाम नर्मदापुरम कर चुकी है। इलाहाबाद का नाम प्रयागराज हो गया है, फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया है, तो भोपाल का नाम बदलकर भोजपाल क्यों नहीं किया जा सकता? मैं अपने अनुज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहूंगा कि विधानसभा चुनाव के पहले इसका नाम बदल दें। भेल दशहरा मैदान में नौ दिवसीय श्रीराम कथा 31 जनवरी तक चलेगी। कथा की शुरुआत सीताराम संकीर्तन से हुई। श्रीराम कथा के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने बताया कि वे अभी तक 1360 कथा कर चुके हैं। भोपाल में होने वाली कथा 1361वीं है। बता दें, जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के गुरु हैं।

# सेना के पूर्व सूबेदार के इकलौते बेटे ने कनपटी पर पिस्टल रख खुद को गोली मारी मौत

**भोपाल, ईएमएस।** राजधानी के खजूरी सड़क इलाके में स्थित आफिसर टाउन कॉलोनी भौंरी में सेना के पूर्व सूबेदार के इकलौते बेटे ने कनपटी पर पिस्टल रखकर खुद गोली मारकर ली। घटना सोमवार दोपहर करीब दो से ढाई बजे करीब की है। पिता उसे भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डाक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया।जांच में पुलिस ने पाया है कि उसका सुबह माता-पिता से विवाद हुआ था और इस बात को लेकर वह दुखी था। घटना के पहले वह पिता से फोन पर बात भी कर रहा था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। खजूरी सड़क थाने के सब इंस्पेक्टर शिवेंद्र मिश्रा के मुताबिक अमनदीप सिंह (24) आफिसर कालोनी भौंरी में रहता था। अमनदीप के पिता प्रदीप सिंह सेंगर सेना से दो साल पहले ही सेवानिवृत्त हुए हैं और बैरागढ़ के राजदीप अस्पताल में नौकरी करते हैं।



प्रदीप के परिवार में पत्नी रेखा सेंगर के अलावा इकलौता बेटा अमन दीप ही था। अमन फिलहाल कोई काम नहीं करता था। प्रदीप सिंह सोमवार सुबह अस्पताल चले गए थे। घर पर उनकी पत्नी रेखा सेंगर और बेटा अमनदीप था। दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास अमनदीप घर से कुछ दूरी पर स्थित पार्क पहुंचा। वह अपने साथ पिता की पिस्टल लेकर गया था। उसने पिता को फोन कर सिर्फ इतना ही कहा था कि पापा अब अपनी रिवाल्वर संभालकर रख लेना। इसके बाद उसने फोन काट दिया था। इसके बाद पिता ने घर पर पत्नी को फोन कर अमनदीप की जानकारी ल, लेकिन वह नहीं मिली।

### पिता लेकर पहुंचे अस्पताल

इधर, बेटे से बात करने समय फोन कटने के बाद प्रदीप ने अमनदीप को दोबारा से फोन किया, लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था। अनहोनी की आशंका होने पर वह कार से घर लौटे और पत्नी से अमन के बारे में पूछा। पत्नी ने उन्हें बताया कि कुछ देर पहले ही वह घर से निकला है। उन्होंने नौकर से भी पूछा, बाद वह अमन की तलाश में घर से बाहर निकले और घर से कुछ दूरी पर ही पार्क में लगी बेंच पर उन्हें अमनदीप खून से लथपथ प?ा हुआ नजर आया। वह उसे तत्काल भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डाक्टर ने प्राथमिक जांच में ही अमनदीप को मृत घोषित कर दिया।

## हमीदिया में सुपर स्पेशियलिस्ट सर्जन्स को नहीं दी जा रही ओटी, डेढ़ महीने में बिना ऑपरेशन लौटाए 300 मरीज

भोपाल, ईएमएस। हमीदिया अस्पताल में पिछले डेढ़ महीने से गंभीर बीमारियों से पी?ित 300 मरीजों के ऑपरेशन नहीं हुए हैं। इन्हें बिना सर्जरी के लौटाया जा चुका है। सबसे ज्यादा परेशान प्लास्टिक सर्जरी, यूरोलॉजी और न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में आने वाले मरीज है। हालात यह हैं कि मरीजों को 2 से 3 हफ्तों तक भर्ती करके रखा जा रहा है या बिना ऑपरेशन लौटाया जा रहा है। हमीदिया के डॉक्टर्स का कहना है कि सुपर स्पेशियलिटी के सर्जन्स को ऑपरेशन करने के लिए ओटी ही नहीं दी जा रही हैं। जिसके कारण राजधानी और आसपास के शहरों से आ रहे मरीज परेशान हैं। अस्पताल प्रबंधन के प्रबंधन के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये से नाराज होकर नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट से स्पेशलिस्ट सर्जन डॉ. चैतन्य कुलकर्णी नौकरी छोड़कर चले गए। जबकि अभी 3 और स्पेशलिस्ट सर्जन छोड़ने की तैयारी में हैं।रोज 5-6 ओटी चाहिए, लेकिन एक भी नहीं मिलती स्पेशियलिस्ट सर्जन्स की मानें तो राजधानी समेत दूसरे शहरों से भी हररोज गंभीर मरीज सर्जरी के लिए आते हैं। एक दिन में 10-12 मरीजों को सर्जरी की जरूरत होती है। ऐसे में रोज 4-5 ओटी सुपर स्पेशलिस्ट सर्जन को चाहिए, लेकिन एक भी ओटी नहीं दी जा रही है। नई बिल्डिंग में शिफ्टिंग के कारण सभी की ओटी प्रभावित हुई हैं। अब ओटी शिफ्ट हो गई हैं। सभी को ओटी दी जाएंगी, ताकि किसी मरीज को परेशानी न हो।

# कांग्रेस कर रही 100 रुपये में 100 यूनिट बिजली योजना का दायरा बढ़ाने का वादा

**भोपाल ईएमएस।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने चुनावी वादे करना शुरू कर दिए हैं। वचन पत्र तैयार किया जा रहा है। इसमें महंगाई, बेरोजगारी, कानून व्यवस्था से लेकर हर वर्ग को साधने का प्रयास होगा। कांग्रेस सरकार में आई तो सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली का दायरा बढ़ाया जाएगा। पार्टी ने इस योजना का वादा पिछले विधानसभा चुनाव में किया था। कांग्रेस की तत्कालीन कमल नाथ सरकार ने इंदिरा गृह ज्योति योजना लागू की गई थी। अब इसका दायरा बढ़ाने की बात कही जा रही है। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने वचन पत्र समिति को अध्ययन करके रिपोर्ट देने के लिए कहा है। प्रदेश में अभी घरेलू उपभोक्ताओं




को सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली मिल रही है। इसके लिए शिवराज सरकार ने भी बजट में तीन हजार करोड़ रुपये का प्रविधान रखा है। कांग्रेस ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों की ऋण माफी और महंगी बिजली दर से राहत देने का वादा किया था। कमल नाथ ने सरकार में आने पर ऋण माफी और इंदिरा गृह ज्योति योजना लागू की थी। 80 लाख उपभोक्ताओं को सौ रुपये में सौ यूनिट बिजली दी गई। साथ ही किसानों के लिए इंदिरा कृषि ज्योति योजना लागू की थी। बड़े वर्ग से जुड़ी इन योजनाओं को शिवराज सरकार ने भी जारी रखा। अब कांग्रेस इस बात पर विचार कर रही है कि घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को महंगी बिजली से राहत देने के लिए सौ रुपये में सौ यूनिट के स्थान पर दो सौ यूनिट तक बिजली दी जाए। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने वचन पत्र समिति के सदस्यों से कहा है कि वे इस पर विचार करें। ऊर्जा विभाग और विद्युत नियामक आयोग के सेवानिवृत्त अधिकारियों से चर्चा करें और अन्य राज्यों की व्यवस्था का भी अध्ययन करें।

# निजी कालेज के एमडी-एमएस विद्यार्थियों के लिए भी अनिवार्य होगा 3 माह का प्रशिक्षण

**भोपाल यशभारत।** एमडी-एमएस (स्नातकोत्तर) के दौरान जिला अस्पतालों में तीन माह का प्रशिक्षण निजी मेडिकल कालेजों के विद्यार्थियों के लिए भी अनिवार्य होगा। 2021 बैच से पीजी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों पर यह नियम लागू होगा। जिला अस्पतालों में प्रशिक्षण के लिए ज्यादा विद्यार्थी होने पर कुछ को सौ बिस्तर से अधिक के सिविल अस्पतालों या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी भेजा जा सकेगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) ने दो दिन पहले एक परिपत्र के माध्यम से यह स्पष्टीकरण जारी किया है। बता दें कि एनमएसी ने सितंबर 2020 में डिस्ट्रिक्ट रेसीडेंसी प्रोग्राम (डीआरपी) का प्रविधान कर दिया था, पर इसमें कुछ बिंदुओं पर भ्रम की स्थिति थी, जिसे स्पष्ट किया गया है। हालांकि, जूनियर डाक्टर इसका विरोध कर रहे हैं।
एमडी-एमएस द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पर भेजने का लाभ मरीजों को भी मिलेगा। जिला अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है। जूनियर डाक्टरों के रहने से ओपीडी, वार्ड, आपरेशन थियेटर और ट्रामा एवं



आपातकालीन यूनिट में डाक्टरों की कमी दूर हो सकेगी। खासतौर पर जिस विषेज्ञता के जूनियर डाक्टर होंगे उसके मरीजों के लिए और सुविधाजनक हो जाएगी। एनएमसी ने यह भी साफ किया है प्रशिक्षण अवधि में विद्यार्थियों के लिए आवास और यातायात की व्यवस्था संबंधित जिला अस्पताल प्रबंधन को करनी होगी।यह भी कहा गया है कि हर जिला अस्पताल में इसके लिए एक समन्वयक बनाना होगा। किसी अस्पताल में उस विशेषज्ञता का चिकित्सक नहीं है तो प्रशिक्षण अवधि के लिए दूसरे जिला अस्पताल से किसी को समन्वयक के तौर पर पदस्थ करना होगा।

# परीक्षा पर चर्चा का आयोजन सांसद हिमाद्री सिंह ने बच्चों को किया प्रेरित

**उमरिया यशभारत।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे पाली के संत जोसफ विद्यालय पहुंचे जहां विद्यालय संस्थान ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। केंद्र सरकार व भारत देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के इस परीक्षा पर चर्चा के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शहडोल लोकसभा की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे व समस्त भाजपा कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**परीक्षा को बोझ मानने का समय नहीं है**

सांसद हिमाद्री सिंह ने कहा की अब परीक्षा को बोझ मानने का समय नहीं है बल्कि बेहतरीन ढंग से परीक्षा में शामिल होने का समय है ये हमारा स्वर्णिम युग है। मन की एकाग्रता से हम सबको सीखना चाहिए केवल एक लक्ष्य रखकर आगे बढ़े जिससे सभी छात्र छात्राओं को सफलता हासिल होगी हम अक्सर ध्यान और एकाग्रता को ऋषि मुनि से जोड़ते हैं। हम सभी को अपने दैनिक जीवन में इसकी आवश्यकता है छात्र-छात्राओं के कभी-कभी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ता है ऐसे में ध्यान और एकाग्रता ही सही फैसला लेने में मदद करती है इस लिए सभी को निडर होकर और एकाग्र मन से परीक्षा में शामिल होना चाहिए और अच्छे अंक प्राप्त करें देश का नाम रोशन करें।



**एग्जाम में टेंसन फ्री रहने के दिए टिप्स**

**आत्मविश्वास के साथ दे परीक्षा--**

जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी आप सब के साथ हैं हम उस जमाने के छात्र थे जब कोई परीक्षा के बारे में बताने वाला नहीं था लेकिन अब खुद प्रधानमंत्री जी आप सब के साथ चर्चा करने जा रहे हैं आज हमारी शहडोल लोकसभा क्षेत्र की सांसद स्वयंम आज आपके संत जोसफ़ विद्यालय में उपस्थित होकर आप सभी छात्र/छात्राओं को परीक्षा पर चर्चा के इस अभियान को गति दे रही हैं। जिलाध्यक्ष ने छात्रों से कहा कि आप सभी को अपना आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए माता पिता कभी अपने बच्चों की ताकत और उसको क्यों को पहचानने में विफल हो जाते लेकिन हमें समझना चाहिए कि हर बच्चे में कुछ ऐसा पढ़ाई की ताकत ऊर्जा और पढ़ाई के प्रति उत्साह होता है जिससे वह बहुत आगे जा सकता है तो सभी लोग मन लगाकर पढ़े और आत्मविश्वास आत्मचिंतन कर मन से परीक्षा में शामिल हो। आज के इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सरजू प्रसाद अग्रवाल जिला महामंत्री अर्जुन सिंह सैयाम, बीके उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला प्रधान उपाध्यक्ष राजेश पटेल पार्षद संध्या सिंह, भरत प्रजापति, सोना सिंह, घनश्याम कुशवाहा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कुसुम सिंह केसरी अग्रवाल चंद्र प्रकाश शुक्ला, बृजेश सिंह तिवारी कामता विश्वकर्मा संतोष सिंह बैंस सुरेश विश्वकर्मा सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता गणमान्य नागरिक संत जोसेफ विद्यालय के स्टाफ व छात्र/छात्राएं उपस्थित रही।

## बिजली विभाग की 6 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन



**कुंडम, यशभारत।** आज कांग्रेस कमेटी कुंडम एवं जिला पंचायत सदस्य एकता ठाकुर के नेतृत्व में क्षेत्र में बिजली की समस्याओं को लेकर 6 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार प्रदीप कौरव को माननीय मुख्यमंत्री के नाम धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया धरना प्रदर्शन में पैदल मार्च निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता महिला कार्यकर्ता सहित बुलंद आवाज के साथ जोरो से नारे लगाए गए जिसमे वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री संतोष मिश्रा अरविंद साहू कामता यादव रतनचंद कुशवाहा रंगदार कुशवाहा जनपद सदस्य संदीप साहू जनपद सदस्य विनोद पटेल भवानी साहू मनसुख परस्ते संजय साहू सुकीर्त त्रिपाठी अकरम खान प्रह्लाद झारिया प्रताप मार्को लोटन मार्को श्रीमती मीरा कुशवाहा आरती झारिया वीरेंद्र शुक्ला मनोज तेकाम विरेन सिंह मोनू ठाकुर हरनाम परस्ते श्रीमती भगवती झारिया युवा कांग्रेस के अमित साहू विवेक जायसवाल सचिन झारिया देशराज झारिया विनोद यादव राजा कुशवाहा, रिषभ कुशवाहा, विवेक झारिया अजय झारिया दीपक झारिया संदीप झारिया, समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस, ह्स्द्ध, सेवादल, महिला कांग्रेस समेत ग्रामीण जंन उपस्थित रहे।

## लोडिंग वाहन और बस की आमने-सामने हुई भिड़ंत 9 लोगों को आई चोटें



**पाटन, यशभारत।** पाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिमरिया के पास लोडिंग वाहन और बस की आमने सामने भिड़ंत हो गई जिसमें 9 लोगों को गंभीर चोटें आई जिन्हें उपचार हेतु पाटन शासकीय अस्पताल लाया गया पुलिस में जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 12ञ्00 ग्राम सिमरिया के पास बस क्रमांक एमपी 20 पी ए 0466 जोकि पिपरिया से पाटन आ रही थी की टक्कर लोडिंग वाहन द्व्श्च20 जीबी 2456 से हुई जिसमें दुर्जन सिंह पिता नरवर निवासी बजरंगगढ़ केहर सिंह पिता भगवान सिंह निवासी बजरंगगढ़ नारायण सिंह निवासी पावला किशन पिता देवीलाल निवासी पिपरिया सरोज भाई पति गोली निवासी पिपरिया धना बाई पति चतुर सिंह निवासी माला खुर्द कमलाबाई पति उत्तम निवासी सिमरिया और मोहना बाई पति लाल सिंह निवासी सिमरिया को गंभीर चोट आ गई जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया गया।

## जनपद कार्यालय में सदस्यों ने गेट में जड़ा ताला मांगों को लेकर एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**पाटन, यशभारत।** पाटन जनपद कार्यालय में जनपद के सदस्यों द्वारा अपनी मांगों को लेकर सोमबार दोपहर गेट में ताला जड़ दिया और गेट के बाहर धरना देकर अपना विरोध दर्ज कराया साथ ही एसडीएम शाहिद खान को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें सदस्यों द्वारा मांग रखी गई है कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में जनपद सदस्य के बैठने की व्यवस्था हो सदस्यों को निर्वाचन क्षेत्र में सालाना 15लाख का बजट प्रदान किया जाए ताकि वह विकास कार्य करा सकें साथ ही सदस्यों का मानदेय दस हजार किया जाए सदस्यों को मिलने वाली राशि से क्षेत्र में विकास कार्य करने हेतु उन्हें स्वतंत्र रखा जाए और इन्हीं सब मांगों को लेकर सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर सदस्य शक्ति राज मीना ठाकुर हाकम सिंह राकेश यादव संजय सिंह संतोष रानी नवीन पटेल मिथिलाबाई रामसेवक अहिरवार रुकमणी गोटिया और प्रिया दुबे उपस्थित रही।

## राशन दुकानों की हो जांच

**पाटन, यशभारत।** गरीबो को वितरित किये जाने वाले राशन के वितरण में लगातार अनियमितताएं सामने आ रही है समय पर राशन वितरण न होने से गरीब परेशान है जनपद सदस्य संजय सिंह ने बताया कि तीन ग्राम पंचायत ग्वारी धनेटा और सहसन की राशन दुकान 38 39 40 में सेल्समैन द्वारा राशन का वितरण न किये जाने से खासी परेशानी गरीबो को हो रही है उन के द्वारा खाद्य अधिकारी आभा शर्मा को भी इस समस्या से अवगत कराया गया उस के बाद भी समस्या का निराकरण नही किया गया मजदूर वर्ग जो कि सरकारी राशन पर ही निर्भर है वो अब कर्ज ले कर जीवन यापन करने को मजबूर है।

## गहोई समाज ने मनाया गहोई दिवस

### नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली भव्य शोभायात्रा

**गाडरवारा(यशभारत)।** संक्रांति पर्व के बाद प्रथम रविवार को गहोई दिवस का आयोजन गहोई समाज द्वारा मनाया जाता है। इसी क्रम में स्थानीय गहोई समाज द्वारा गहोई दिवस पर रविवार को सुबह श्रीदेव राधावल्लभ मंदिर से भव्य रैली निकाली गई। जिसमें भगवान श्रीकृष्ण एवं राधाजी की वेशभूषा में नृत्य करते हुये चल रही झांकी नगर में आकर्षण का केन्द्र बनी रही। शोभायात्रा में गहोई समाज के युवा, वरिष्ठजन, बुजुर्गों के अलावा महिलाओं की भी अच्छी सांझेदारी से शोभायात्रा का स्वरूप भव्य रहा। इसके पश्चात संस्कार पैलेष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि समाज को अग्रसर होने के लिये सहभागिता की अत्यंत आवश्यकता है। सभी समाज को साथ लेकर चले, अकेले चलने वाले का केवल व्यक्तिगत विकास हो सकता है लेकिन सामूहिक तौर पर चलने से समाज भी विकास की ओर अग्रसर होती है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्ति को आगे बढने के लिये अनुशासन की बहुत आवश्यकता है, अनुशासन से व्यक्तित्व के साथ ही समाज का विकास भी होता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. बीपी गुप्ता ने कहा कि समाज के व्यक्ति हर क्षेत्र में सफल हैं, लेकिन सहभागिता और सहयोग की भावना ही समाज को शिखर तक ले जाती है। किसी का पैर न खीचें हाथ खाचें यह भावना हमें अपने अंदर रखनी होगी। तभी सभी का विकास संभव है। कार्यक्रम को समाज पंचायत अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, बसंत तपा, शिवकुमार नीखरा, केजी आजाद आदि ने भी संबोधित करते हुये गहोई दिवस की शुभकामनाओं के साथ समाज से कुरीति हटाने और समाज को अग्रसर करने के लिये अच्छी रणनीति तैयार करने की बात रखी। कार्यक्रम में स्थानीय गहोई वैश्य समाज के युवा, वरिष्ठों, पदाधिकारियों, महिलाओं ने बडी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज की।

## ओपीएम प्रबंधन की लापरवाही की भेंट चढ़ा सुरक्षाकर्मी



**अमलाई, यशभारत।** कागज कारखाना प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा आज फिर एक सुरक्षाकर्मी को अपनी जान गवा कर चुकाना पड़ा आपको बता दें कि इससे पहले भी प्रबंधन की लापरवाही के कई कारनामे उजागर हुए हैं लेकिन प्रबंधन की शासन-प्रशासन सत्ता पर उपरी पकड़ की वजह से मामलों की लीपापोती कर जांच की दिखावटी चादर से ढक दिया जाता है ओपीएम फैक्ट्री मे ठेका लेकर काम कर रही है प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी एमएसएस मे हुई सुरक्षाकर्मी दीपक गर्ग की मौत एक बार फिर से प्रबंधन व सिक्योरिटी कंपनी की लापरवाही उजागर करता है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुरक्षाकर्मी को अभी कुछ दिनों पहले ही बिना किसी सुरक्षा ट्रेनिंग के भर्ती कर लिया गया था चुकी सिक्योरिटी कंपनी और ओपीएम के सुरक्षा अधिकारी रवि कुमार शर्मा अधिक लाभ कमाने के चक्कर में आपस में साठगांठ कर सुरक्षाकर्मियों से नियम को ताक में रखकर काम करवा रहे थे फैक्ट्री में लगने वाले पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की संख्या से काफी कम सुरक्षा कर्मी ही रखे गए हैं जिसका नतीजा यह निकला की कंपनी की रेलवे ट्रैक पर रैक आने पर 4 सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी लगती है लेकिन इसके विपरीत एक ही सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी लगाई गई थी बावजूद उसके मृतक से ओवर टाइम भी करवाया जा रहा था ऐसा बताया जाता है कि अधिक काम करने की वजह से मृतक काफी थका हुआ था अनट्रेंड था जिसकी वजह से वह कंपनी की ट्रेन इंजन की चपेट में आकर काल के गाल में समा गया और एक हंसता खेलता परिवार तबाह हो गया घटना के 4 घंटे बीत जाने के बाद भी मानवता को शर्मसार कर देने वाला ओपीएम प्रबंधन अब तक घटनास्थल से नदारद है स्थानीय अमलाई पुलिस एवं कंपनी का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी अभी तक घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाया है और ना ही मृतक के परिजनों को मुआवजा तत्काल राहत राशि या फिर मृतक के परिवार के भरण-पोषण के लिए परमानेंट नौकरी देने की बात प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कही जा रही है।



## वंदेमातरम लिखा है....

शहीद की
चिता पर देश का
गौरव दिखा है
किसी ने सिंदूर से
वंदेमातरम लिखा है
देश तिरंगा आजादी
खुशियों का गणतंत्र
हमारा..
दूर गगन शांति कपोत
वासंती हवाओं ने
हमें पुकारा..
सरहद के वीर जवानों
तुम पर मेरा वतन
टिका है...
शहीद की चिता पर
देश का गौरव दिखा है
किसी ने सिंदूर से
वंदेमातरम लिखा है....
मातृभूमि
पावन भूमि
माथे तिलक लगाते...
भारत माँ के आंच
स्वर्णिम कलश लिए
जन मन गण
अधिनायक गाते.....
ये गंगा ये हिमालय
राष्ट्रध्वज आकाश
लहराते....
राष्ट्रधर्म निभाते...
देश धरा के जांबाज सिपाही
तन मन नही
डिगा है....
शहीद की चिता पर
देश का गौरव
दिखा है...
किसी ने सिंदूर से
वंदेमातरम लिखा है....

-रमाकान्त निगम

## पनागर नगर में गणतंत्र दिवस मनाये जाने हेतु बैठक सम्पन्न



**पनागर, यशभारत।** नगरपालिका परिषद पनागर के कार्यालय सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस मनाऐ जाने हेतु बैठक का हुई नगर के 07 ध्वजारोहण स्थलों में किया जाना है बैठक में नगर के गणमान्य नागरिक सामाजिक राजनौतिक, शिक्षक / शिक्षकाऐं उपस्थित रहे नगर के शताब्दी स्मारक मैं विधायक सुशील तिवारी इंदू भैया नगरपालिका परिषद कार्यालय भवन में प्रदीप पटैल अध्यक्ष नगरपालिका कांग्रेश शताब्दी स्मारक में महेंद्र चक्रवर्ती उपाध्यक्ष नगर पालिका गांधी स्मारक में सर्वेश मिश्रा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु चौक मुकेश वंशकार पार्षद विवेकानंद वार्ड, आजाद चौक पदम मोदी, कमानिया गेट रोहित यादव पार्षद रामवार्ड, द्वारा ध्वजारोहण किया जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय हुआ है। उपरोक्त बैठक में विमल जैन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनंद जैन मिंचू, विधायक प्रतिनिधि, अंकुर जैन नगर भाजपा मंडल तुलसीराम कुशवाहा, श्रीमती प्रीति बहादुर राय दीपाशु नामेदव, प्रियंका शर्मा, पार्षद, शैलेन्द्र साहू, अनिल वंशकार, गोरलदास खत्री, बाबूखान, बेडीलाल कुशवाहा, बहादुर राय एवं आशीष शर्मा मुख्य नगरपालिका अधिकारी पनागर, अमित सेन, राकेश साहू, मनोज पटैल, विभोर बैरागी अन्य उपस्थित सभी का अभार व्यक्त किया गया।

## जायसवाल महिला मंडल का कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर , यशभारत।** समाज को सशक्त एवं सुसंस्कृत बनाती है महिलाएं जायसवाल महिला मंडल के कार्यक्रम में विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि समाज को सशक्त और सुसंस्कृत बनाने में पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं का अधिक योगदान है भारतीय धर्म संस्कृति में देवियों को ही शक्तिपुंज माना गया है उपरोक्त आशय के विचार जायसवाल समाज भवन होम साइंस कॉलेज रोड में जायसवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विनय सक्सेना ने व्यक्त किए इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष श्री केशव जायसवाल सचिव श्री राम मनोहर जायसवाल एवं महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती विनीता राय ने महिला मंडल की गतिविधियों का परिचय देते हुए उनका महत्व बताया द्य कार्यक्रम में रंगोली,



चित्रकला, वेशभूषा, व्यंजन प्रतियोगिताओं में महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया द्य विजेताओं को 26 जनवरी को आयोजित मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा द्य कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती श्यामा जायसवाल, श्रीमती प्रमोदिनी जायसवाल, श्रीमती शक्ति जायसवाल, श्रीमती रोशनी जायसवाल, श्रीमती श्वेता जायसवाल, श्रीमती प्रीति जायसवाल, श्रीमती ज्योति संदीप जायसवाल, श्रीमती राजेश्वरी जायसवाल, श्रीमती नम्रता जायसवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान किया!

## प्रतियोगी परीक्षा की पूर्व तैयारी विषय पर 15 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ




**पनागर, यशभारत।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर, जिला जबलपुर में प्रतियोगी परीक्षा की पूर्व तैयारी विषय पर 15 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आई.क्यू.ए.सी., स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन एवं वाणिज्य संकाय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती गान एवं दीप प्रज्वलन प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन तथा विषय विशेषज्ञ श्री विपिन तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन ने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि तरक्की की कोई सीमा नहीं होती, मेहनत व लगन के साथ विद्यार्थी आगे बढ़े 15 दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों को उनकी सामान्य अध्ययन, सामान्य गणित एवं तार्किक योग्यता को निखारने का कार्य किया जाएगा, इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. मोना गुप्ता, कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं वाणिज्य संकाय की डॉ. मोनिका मसीह एवं महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. कमलेश मौर्य द्वारा किया गया।

## शहडोल इंजीनियर को गाली गलौज और धमकाने के मामले में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष पर मामला दर्ज

**शहडोल, यशभारत।** जिले में एक इंजीनियर को धमकाने के मामले में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष पर मामला दर्ज हुआ है ! मामला ब्यौहारी नगर पंचायत का है ! शहडोल जिले में इंजीनियर को धमकाने की शिकायत के बाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ब्यौहारी के खिलाफ ब्यौहारी थाना शहडोल में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है ! पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, नगर पंचायत ब्यौहारी में पदस्थ उपयंत्री इंद्रेष यादव पिता रामनारायण यादव के द्वारा पूर्व अध्यक्ष उज्वल केशरी को बीते 20 जनवरी को उन्होंने एक नोटिस तामील की गई थी, जिसके माध्यम से केशरी के वार्ड नम्बर 01 ब्यौहारी स्थित मकान का निर्माण बिना अनुमति के करने और आरा मील को नगर पंचायत के बिना अनुमति के संचालित करने की बात कहते हुए संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था !बता दें कि 21 जनवरी को इस संबंध में फन भी किया था, जिसके बाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केशरी द्वारा उपयंत्री इंद्रेष यादव की फोन पर ही मां बहन की गालियां देते हुए धमकी दी गई थी ! साथ ही अपने साथी टच्चू गुप्ता और रामराज गुप्ता के साथ घर आकर डराया धमकाया गया, जिसके बाद उपयंत्री द्वारा इसकी शिकायत थाने में की गई ! इस पर उज्वल केशरी समेत उनके साथियों पर धारा- 451, 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है !

## निशुल्क स्वास्थ परीक्षण एवम परामर्श शिविर



**गोटेगांव, यशभारत** नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीधाम गोटेगांव नगर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ समाज सेवी बुद्धिजीवी श्रद्धेय स्वर्गीय चौधरी सुरेश चंद जी जैन बापाजी की पांचवी पुण्य स्मृति में चौधरी परिवार द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर दिनांक 3 फरवरी 2023,दिन शुक्रवार को श्रीधाम हॉस्पिटल गोटेगांव में प्रात:10बजे से शाम 4बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे अपोलो हॉस्पिटल अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध चीफ कार्डियक सर्जन डॉक्टर नितिन जैन विशेष रूप से हृदय रोगियों को परामर्श देंगे। आपके साथ ही डॉ,अखिलेश तिवारी मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ दीपक मिश्रा अस्थिरोग विशेषज्ञ, डॉ शैलजा गुप्ता स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ बी सिंह जनरल सर्जन , डॉ कपिल जैन दंत रोग विशेषज्ञ,एवम डॉक्टर राकेश टेकाम रेडियोलॉजिस्ट निशुल्क पारामर्श प्रदान करेंगे। शिविर का विशेष आकर्षण शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा सभी मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।शिविर के आयोजक चौधरी परिवार विकास ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज गोटेगांव द्वारा सभी शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों से अपील की है कि शिविर में आने के पूर्व निम्न सहयोगियों से मोबाइल द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन दर्ज कराकर लाभ अर्जित करे।

## स्व.अशोक गुप्ता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन

**धनपुरी, यशभारत।** नगर में खेले जा रहे स्व. अशोक गुप्ता स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह दिनांक 22 जनवरी को आयोजित किया गया स्थानीय युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश एवम युवाओं की प्रतिभाओं के विकास के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था जो की शहडोल अंचल की थी मां ज्वालामुखी मंदिर ग्राउंड में खेले गए फाइनल मुकाबले में धनपुरी क्रिकेट क्लब डीसीसी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी संजय नगर क्रिकेट क्लब को हराकर पहले संस्करण को अपने नाम किया स्व. अशोक गुप्ता स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू क्रिकेट क्लब धनपुरी के तत्वाधान में किया गया फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में जैतपुर विधानसभा की विधायक एवम भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती मनीषा सिंह की उपस्थिति रही साथ ही कार्यक्रम में धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष एवम समापन समारोह की अध्यक्षा श्रीमति रविंदर कौर छाबड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष श्री प्रियम त्रिपाठी अमलाई थाना प्रभारी श्री ओमेश्वर ठाकरे भाजपा मंडल अध्यक्ष धनपुरी श्री हेमंत सोनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवम पार्षद श्री आनंद मोहन जायसवाल सभापति आनंद कचेर पार्षद एवम सभापति एवम टूर्नामेंट के अध्यक्ष श्री भोला प्रसाद पनिका श्री राम सिंह गहरवार कलाम मोहम्मद एड. वरिष्ठ भाजपा नेता एवम समाजसेवी श्री जीवेश मिश्र बीसीसीआई अंपायर श्री राकेश त्रिपाठी श्रीमती सरिता शर्मा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साथ ही भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती धीरू सिंह परिहार भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्री राजवीर द्विवेदी मोना महामंत्री मोहन सोनी जिला सोशल मीडिया प्रभारी आयुष पांडे भाजपा युवा मोर्चा नीति एवम शोध जिला प्रभारी श्री जयंत जसवानी चिंटू युवामोर्चा मंडल धनपुरी के अध्यक्ष अरविंद रजक केशवाही मंडल अध्यक्ष श्री अनुपम सिंह एड कॉमेंटेटर सुनील वर्मा महामंत्री श्री अनिल जायसवाल समाजसेवी विद्याभूषण सिंह पिंकू मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे



**जैतपुर विधायक मनीषा सिंह रही मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद**

### पुरुस्कारों की हुई बरसात

स्व. अशोक गुप्ता स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता बनी धनपुरी को टीम को 51000 रुपए की राशि साथ ही चमचमाती ट्रॉफी प्रदान की गई साथ ही उपविजेता को 21000 रुपए एवम चमचमाती हुई ट्रॉफी प्रदान की गई इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच एवम मैन ऑफ द सीरीज का पुरुस्कार भी प्रदान किया गया साथ ही लगातार अंपायर की भूमिका का निर्वाहन करने वाले श्री रामपुरन लोधी श्री एमडी शान श्री अनिल जायसवाल स्कोरर इमरान खान सोनू रवेंद्र तिवारी कॉमेंटेटर सुनील वर्मा धर्मेंद्र वर्मा कामता विश्वकर्मा मंगल सिंह सतेंद्र शुक्ला को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया.

### विधायक ने की सराहना

नेहरू क्रिकेट क्लब धनपुरी द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधानसभा क्षेत्र जैतपुर की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा की युवाओं को खेलों से जोड़ने के इस प्रयास की मैं प्रसंशा करती हूं और छोटी छोटी टीम्स स्थानीय स्तर की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट के आयोजक पिंटू पटेल अंकित गुप्ता एवम समस्त समिति को बधाई एवम भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं.

### ऐतिहासिक रहा आयोजन

कोयलांचल क्षेत्र में यूं तो बड़े बड़े आयोजन हुए है लेकिन यह आयोजन इसलिए भी चर्चाओं में रहा क्योंकि इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य ही स्थानीय प्रतिभाओं का विकास था युवा नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़े और खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखे और ऐसे प्रतिभाएं यहां से पैदा हो जो आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में शहडोल का प्रतिनिधित्व कर सके आयोजन समिति के प्रबंधन की ही देन है कि इतने बड़े स्तर के आयोजन को नेहरू क्रिकेट क्लब धनपुरी ने बखूबी संभाला और युवाओं को खेलों के लिए खेलों से जुड़ने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म प्रदान किया.

टूर्नामेंट को आगाज से लेकर अंजाम तक पहुंचाने में मुख्य रूप से एनसीसी के हर कार्यकर्ता ने अपनी मेहनत प्रदान की लेकिन मुख्य रूप से पिंटू पटेल अंकित गुप्ता कामता विश्वकर्मा एवम सभी सम्मानित सदस्यों का अविस्मरणीय योगदान प्राप्त हुआ कार्यक्रम में सफल मंच संचालन अंकित गुप्ता के द्वारा किया गया...

# विराट-सचिन-धोनी नहीं, संजय मांजरेकर ने रिचर्ड्स को बताया ऑल टाइम बेस्ट बैट्समैन







**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने हाल ही में वनडे करियर का 46वां शतक जड़ा और इसके साथ ही वह महान सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने के और भी करीब पहुंच गए हैं। साथ ही पूरी दुनिया में विराट कोहली 1ह्व सचिन तेंदुलकर पर एक बार फिर बहस छड़ गई है। कुछ कोहली को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं तो कुछ सचिन के पक्ष में रहते हैं। इस बारे में जब पूर्व क्रिकेटर और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में कॉमेंट्री कर रहे संजय मांजरेकर से पूछा गया तो उन्होंने थोड़ा हटकर जवाब दिया। उन्होंने कहा- जब आप आधुनिक युग को देखते हैं तो पिछले 20 साल (लगभग 15 वर्ष) से विराट कोहली टॉप पर हैं। तेंदुलकर को भी सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। मेरी राय में विराट कोहली केवल एकदिवसीय खिलाड़ी हैं। एक और नाम दिमाग में आता है वह एमएस धोनी हैं। लेकिन, सर्वकालिक एकदिवसीय बल्लेबाज कोई भी ऐसा नहीं है जो सर विवियन रिचर्ड्स के करीब पहुंच सके। अब यह थोड़ा पुराने जमाने का लग सकता है। मांजरेकर ने रिचर्ड्स के खेलने के रिकॉर्ड पर जोर दिया और कहा कि उनके और उनके समय के दूसरे खिलाड़ियों के बीच बड़ा अंतर था। उन्होंने कहा- विव रिचर्ड्स ने 70 से 90 के दशक में ऐसे समय में खेला जब सभी टॉप के बल्लेबाजों का औसत लगभग 30 और स्ट्राइक रेट 60 था। विव रिचर्ड्स 70 से 90 के दशक तक, जिसमें विश्व कप का अंतिम शतक भी शामिल है, उनका औसत 47 और स्ट्राइक रेट 90 का था। कोहली वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारतीय टीम के साथ हैं। मेजबान ने शनिवार को रायपुर में 2-0 से सीरीज जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। सीरीज का तीसरा वनडे इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने इससे पहले हैदराबाद में 12 रन और रायपुर में 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया था।

# कोर्ट का आदेश, अलग रह रही पत्नी हसीन जहां को हर महीने 50,000 रुपए गुजारा भत्ता दे मोहम्मद शमी



**कोलकाता, एजेंसी।** क्रिकेटर मोहम्मद शमी और उनकी पत्नी हसीन जहां के बीच कोर्ट केस जारी है। इस बीच, ताजा आदेश में क्रिकेटर को झटका लगा है। कोर्ट ने शमी को आदेश दिया है कि वे अलग रह रही पत्नी को हर महीने गुजारा भत्ते के रूप में 50,000 रुपए का भुगतान करें। कलकत्ता के कोर्ट ने यह आदेश दिया है। हसीन जहां ने चार साल पहले क्रिकेटर पर गंभीर आरोप लगाते हुए केस दायर किया था। अलीपुर कोर्ट की जज अनिंदिता गांगुली के आदेश से हसीन जहां खुश नजर नहीं आई। माना जा रहा है कि वे इसके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगी।दरअसल, 2018 में हसीन जहां ने 10 लाख रुपए मासिक गुजारा भत्ता की मांग के साथ केस दायर किया था। इस राशि में व्यक्तिगत खर्चों के लिए 7 लाख रुपए और बेटी की परवरिश के लिए 3 लाख रुपए शामिल थे। पढ़िए मोहम्मद शमी पर हसीन जहां से आरोपपूरा विवाद तब शुरू हुआ था जब हसीन जहां ने जादवपुर पुलिस स्टेशन में अपने क्रिकेटर शौहर मोहम्मद शमी पर व्यभिचार और घरेलू शोषण का आरोप लगाते हुए एक आधिकारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद शमी पर घरेलू दुर्व्यवहार और हत्या के प्रयास के गैर-जमानती आरोप लगाए गए।हसीन जहां ने दावा किया कि वो जब भी उत्तर प्रदेश में अपने ससुराल गई तो क्रिकेटर और उनके परिवार ने प्रताड़ित किया। यह पूछे जाने पर कि क्या शमी के परिवार ने भी उन्हें प्रताड़ित किया, जहां ने कहा, च्आप पड़ोसियों से पूछ सकते हैं कि उन्होंने (शमी के परिवार) मेरे साथ कैसा व्यवहार किया। मैं चुप थी क्योंकि वह दो साल से तलाक मांग रहे थे। वह मुझे प्रताड़ित कर रहे थे, उन्होंने मुझे छोड़ने के लिए हर संभव कोशिश की।ज्पत्नी के आरोप सार्वजनिक होने के बाद साल 2018 में शमी ने एक ट्वीट कर सफाई दी थी। तब क्रिकेटर ने लिखा था कि ये जितना भी न्यूज हमारी पर्सनल लाइफ के बारे में चल रहा है, वो सरासर झूठ है। ये हमारे खिलाफ साजिश है। ये मुझे बदनाम करने या मेरे गेम को खराब करने का प्रयास है।

# कुश्ती खिलाड़ियों द्वारा यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए मैरीकॉम की अध्यक्षता में 5 सदस्यों की निगरानी समिति गठित







**नई दिल्ली, एजेंसी।** अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुश्ती खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों की जांच के लिए खेल मंत्रालय ने एक समिति का गठन किया है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी। इस पांच सदस्यीय समिति की अध्यक्ष दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम होंगी। उनके अलावा ओलिंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, द्रोणाचार्य अवार्डी तृप्ति मुरुगंदे, कैप्टेन राजगोपालन और राधा श्रीमन शामिल हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये समिति अगले एक महीने तक भूषण पर लगे तमाम आरोपों की जांच करेगी और तब तक डब्ल्यूएफआई के दिन प्रतिदिन के कामकाज को देखेगी। जांच चलने तक बृजभूषण सिंह को भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद के कामकाज से दूर रहने को कहा गया है।19 जनवरी को बृजभूषण सिंह पर आरोपों को लेकर कई पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा धरना प्रदर्शन किया था। अंतरराष्ट्रीय तथा राष्ट्रीय मुकाबलों में मेडल जीत कर देश का नाम ऊंचा करने वाले 30 पहलवानों का बैठना सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर भारी पड़ गया। केंद्र सरकार की तरफ से आश्वासन मिलने के बाद ही पहलवानों नेअपना प्रदर्शन खत्म किया था। अब केंद्र सरकार ने एक कमेटी का गठन किया है जो सारे मामले की निष्पक्ष जांच करेगी। भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने पद से हटाये जाने के बाद हाईकोर्ट का रुख किया है। वैसे उन्होंने याचिका डालने से इनकार किया है। दरअसल उनके रसोइये ने देश के तमाम बड़े पहलवानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर याचिका दायर की है। इसमें विनेश फोगाट और साक्षी मलिक जैसी कई पहलवानों पर यौन प्रताड़ना के आरोपों के बहाने ब्लैकमेलिंग और जबरन पैसे उगाही का आरोप लगाया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट में दायर इस याचिका पर इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। आपको बता दें कि इन पहलवानों ने सिंह पर ड्डस्नढ्ढ में अपनी मनमानी करने और महिला पहलवानों का यौन शोषण करने का आरोप लगाया और उनके इस्तीफे की मांग की है।


### आरोपों पर दी सफाई

इससे पहले बृजभूषण शरण ने पहलवानों के लगाए गए सारे आरोपों को बेबुनियाद बताया। अपनी सफाई में उन्होंने ये भी कहा कि ये आरोप, हरियाणा के सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की साजिश है। इस पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कड़ी आपत्ति जताते हुए चेतावनी दी है कि बृजभूषण मानहानि केस के लिए तैयार हो जाएं।

### राजनीति के पुराने खिलाड़ी

आपको बता दें बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश की बलरामपुर की ?सरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद हैं और 6 बार सांसद चुने जा चुके हैं। 31 साल से यूपी की राजनीति में सिक्का जमाने वाले बृजभूषण शरण, भारतीय कुश्ती महासंघ (रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) के अध्यक्ष हैं।

# सिलसिला के दौरान यश चोपड़ा ने दी थी रेखा-जया को हिदायत, बोले थे- मेरे सेट पर गड़बड़ी न करना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशकों में शुमार रहे दिवंगत यश चोपड़ा ने एक से बढ़कर एक फिल्म बनाई। मगर, फिल्म चसिलसिलाज् बनाते वक्त वह काफी डर रहे थे। बता दें कि फिल्म चसिलसिलाज् में अमिताभ बच्चन, रेखा और जया बच्चन लीड रोल में नजर आए। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म के लिए यश चोपड़ा ने इन तीनों को साइन नहीं किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमिताभ बच्चन से बात करने के बाद उनकी सलाह पर यश चोपड़ा ने फिल्म की कास्ट में बदलाव करने की हिम्मत दिखाई थी। इस बात का खुलासा खुद यश चोपड़ा ने एक इंटरव्यू में किया था। चसिलसिलाज् 1981 में रिलीज हुई थी। रिलीज होने पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। लेकिन, आने वाले समय में इसे क्लासिक और कल्ट फिल्म कहा जाने लगा। फिल्म में च्पति पत्नी और वोज वाला एंगल दिखाया गया। इस फिल्म की कहानी कुछ-कुछ अमिताभ बच्चन,जया और रेखा की असल जिंदगी सरीखी है। फिल्म में रेखा और बिग बी की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई। बता दें कि पहले यश चोपड़ा ने अमिताभ बच्चन के अपोजिट स्मिता पाटिल और परवीन बाबी को साइन किया था। हालांकि, उनकी ख्वाहिश थी कि फिल्म में रेखा और जया यह रोल अदा करें। लेकिन उस वक्त हालात अलग थे। इसलिए यश चोपड़ा कुछ कह न सके। बता दें कि चसिलसिलाज्की मेकिंग के वक्त तक अमिताभ बच्चन और जया की शादी हो चुकी थी। शादी से पहले अमिताभ और रेखा का अफेयर चल रहा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक शादी के बाद भी रेखा और अमिताभ का सीक्रेट अफेयर चल रहा था, जिसकी खबर जया को लग गई थी और वह नाराज थीं। जया ने अमिताभ बच्चन को सख्त हिदायत दी थी कि वह रेखा के साथ कभी भी काम नहीं करेंगे। अमिताभ और जया की शादी 1973 में हुई थी और चसिलसिलाज् 1981 में रिलीज हुई थी। यश जी डरे हुए थे कि चसिलसिलाज् अगर वह रेखा-जया के साथ बनाएंगे तो पता नहीं क्या होगा? इसलिए उन्होंने यह विचार त्याग दिया। एक रोज उन्होंने चसिलसिलाज् को लेकर अमिताभ से बात की और बताया कि वह फिल्म में रेखा और जया को लेना चाहते हैं। अमिताभ बच्चन कुछ देर तो खामोश रहे। फिर बोले कि वह फैसले पर राजी हैं, लेकिन रेखा और जया को मनाना होगा। यश चोपड़ा को डर था कि असल जिंदगी की कहानी फिल्मी पर्दे पर आने वाली थी। हिम्मत करके यश चोपड़ा ने दोनों एक्ट्रेस से बात की। दोनों ने रजामंदी दे दी। एक इंटरव्यू के दौरान यश चोपड़ा ने कहा था, च्मैंने जया और रेखा दोनों को बता दिया था कि देखो कोई गड़बड़ी ना हो।ज रिपोर्ट्स के मुताबिक, जया बच्चन ने जबरदस्ती इस फिल्म के लिए हामी भरी। जया बच्चन को चसिलसिलाज् की पूरी कहानी में कोई दिलचस्पी नहीं थी। लेकिन फिल्म के क्लाइमैक्स सीन के कारण उन्होंने फिल्म का ऑफर स्वीकार किया। क्लाईमेक्स में पति यानी अमित खन्ना (अमिताभ बच्चन) प्रेमिका को भुला वापस पत्नी के पास लौट आता है।



# बायकॉट बॉलीवुड ट्रेंड पर करीना ने दिया बयान, बोलीं-फिल्में नहीं होंगे तो एंटरटेनमेंट कैसे होगा

**मुंबई, ईएमएस।** बॉलीवुड के लिए पिछला एक साल कुछ खास नहीं रहा है। बायकॉट ट्रेंड के चलते कई सारी फिल्में फ्लॉप साबित हो चुकी हैं। वहीं, अब शाहरुख खान की च्पठानज् को भी बायकॉट करने की मांग की जा रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कार्यकर्ताओं से फिल्मों के बारे में टिप्पणी करने से बचने के लिए कह चुके हैं। वहीं, अब बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने भी कोलकाता के इवेंट में बायकॉट बॉलीवुड ट्रेंड को लेकर बात की है। दरअसल, करीना कपूर रविवार को कोलकाता में एक इवेंट में पहुंची थीं। इस दौरान करीना कपूर ने बायकॉट और कैंसिल कल्चर के बढ़ते ट्रेंड पर रिएक्ट करते हुए कहा, च्मैं इससे बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं। अगर ऐसे होगा तो हम आपको एंटरटेन कैसे करेंगे, आपकी जिंदगी में खुशी और मजा कैसे आएगा। साथ ही अगर फिल्में नहीं होंगी तो एंटरटेनमेंट कैसे होगा। बता दें कि पिछले साल आई करीना कपूर और आमिर खान की फिल्म च्लाल सिंह चड्ढाज् भी बायकॉट बॉलीवुड ट्रेंड की भेंट चढ़ गई थी। तब भी करीना ने बायकॉट को लेकर बात की थी। करीना ने कहा था, च्यह खूबसूरत फिल्म है और मैं चाहती हूं कि लोग मुझे और आमिर को साथ में देखें। ऐसे में फिल्म को बायकॉट न करें। वहीं, इन दिनों शाहरुख खान की च्पठानज् को भी बायकॉट करने की मांग की जा रही है। फिल्म के गाने च्बेशरम रंगज् के रिलीज होने के बाद से ही दीपिका की भगवा बिकिनी पर सवाल उठाए गए और इसका विरोध शुरू हो गया। ऐसे में फिल्म में बदलाव करने की मांग की जा रही है। वहीं, कई जगह फिल्म के पोस्टर को जलाकर विरोध प्रदर्शन हुआ है। यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

# खिलाड़ियों के लिए भी खेल का आधारभूत ढांचा मजबूत हो :खेलमंत्री अनुराग ठाकुर

## जबलपुर में बनेगा 6 करोड़की लागत से आधुनिक इंडोर स्टेडियम





**जबलपुर,यशभारत।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती से प्रारम्भ हुए 12 दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का समापन नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती पर केंद्रीय खेल युवा कार्यक्रम एवँ सूचना प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में रानीताल स्टेडियम में हुआ।कार्यक्रम के दौरान सांसद राकेश सिंह के आग्रह पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने जबलपुर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाये जाने की घोषणा की। उन्होंने इंडोर स्टेडियम बनाये जाने की घोषणा के साथ ही बताया कि इस स्टेडियम में 18 तरह के खेलों का आयोजन किया जा सकेगा और यह स्टेडियम पूरी तरह से आधुनिक होगा। इस इंडोर स्टेडियम की लागत लगभग 6 करोड़रुपये होगी और जो सर्वसुविधायुक्त होगा। सांसद खेल महोत्सव के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खेलो को बढ़ावा देने के लिये अभूतपूर्व प्रयास कर रहे है क्योंकि हम चाहते हैं कि खिलाड़ियों के लिए भी खेल का आधारभूत ढांचा मजबूत हो। जबलपुर में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के आयोजन हेतु श्री राकेश सिंह को बधाई देता हूं कि उन्होंने इस तरह के खेलों का आयोजन किया है जिसमें मुख्य रूप से परंपरागत खेलों का समावेश है और यदि लोग खेलो को समय देंगे तो निश्चित रूप से अस्पतालों में मरीजों की संख्या कम होगी, युवा नशे से दूर होंगे।

**खेल महोत्सव ने अगली बार 50 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल-** श्री ठाकुर ने कहा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत अलग अलग खेलो में 265 टीमों ने भाग लिया जिसमें लगभग 28700 खिलाड़ियों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। मैं सभी खिलाड़ियों का अभिवादन करता हूं और यह दावा करता हूं कि सांसद खेल महोत्सव में अगले वर्ष इन खिलाड़ियों की संख्या लगभग 50 हजार होगी।

**खेलो को बढ़ावा देने कार्य कर रही केंद्र सरकार-** श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब 2014 देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी बने थे तब खेलों का बजट 866 करोड़ रुपए का था और आज खेलों का बजट 2000 करोड़ रूपए से ज्यादा का हो गया है और आज हम पूरे देश में 2397 करोड़ रुपए के स्टेडियम पूरे देश में खिलाड़ियों के लिए बनवा रहे हैं और देश भर में खेलों इंडिया सेंटर विकसित कर रहे हैं और 15 अगस्त 2023 तक देश में एक हजार खेलो इंडिया सेंटर विकसित हो जायेंगे, जो देश के प्रसिद्ध खिलाड़ियों के द्वारा चलाए जाएंगे और हमने खिलाड़ियों को विकसित करने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम च्टॉप्सज् चलाई है जिसमें मेडल के पोडियम तक खिलाड़ियों को पहुंचने का काम मीराबाई चानू, नीरज चोपड़ा जैसे अनेकों खिलाड़ियों के द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाएगा अब खिलाड़ी अपना प्रशिक्षण, कोचिंग देकर अपना रोजगार चलाएंगे और अनेक खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय बनाने का काम करेंगे और देश में जैसे पीटी ऊषा की, गोपीचंद की या अन्य किसी खिलाड़ी की एकेडमी चलती है या साई की एकेडमी चलती है तो ऐसे लगभग 3000 खिलाड़ियों के लिए लगभग 6 लाख 23 हजार सालाना प्रति खिलाड़ी हम खर्च कर रहे है और 1 लाख 20 हजार रुपए हम उनका जेब खर्च भी देते हैं ताकि देश में खिलाड़ियों का भरपूर विकास हो सके।

**खेलो इंडिया अभियान में मप्र की अहम भूमिका-** अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश में अब खेल के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की भी अहम भूमिका है क्योंकि खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत दो तरह के गेम होते हैं खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और जिसमें मप्र को खेलो इंडिया यूथ गेम्स की जिम्मेदारी है जिसमें देश भर के खिलाड़ी आयेंगे।

**खेलो में बढे महिलाओं की भागीदारी-** खेलो ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए हमने खेलो इंडिया वूमेन लीक की शुरुआत की है जिसमे 23 हजार महिलाओं और लड़कियों ने भागीदारी की है।

**मलखंब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल बने-** श्री अनुराग ठाकुर ने कहा जिस तरह सांसद राकेश सिंह ने खेल महोत्सव में ट्रडिशनल गेम्स को शामिल किया है उसी तरह हमने भी खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पांच ट्रेडीशनल गेम्स को शामिल किया है जिनमे योगासन, करारे पट्टू, टमटा, गटका और मलखंब प्रमुख है और हमारी कोशिश है कि मलखंब जैसा पुरातन खेल केवल किसी क्षेत्र तक सीमित न होकर राष्ट्रीय एवँ अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल बने।

**प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूरा करने सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन-** सांसद श्री राकेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत यह आयोजन 12 जनवरी स्वामी विवेकानन्द जयंती से प्रारंभ है और आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर समापन हो रहा है जिसमें अलग अलग तरह के खेल हमने शामिल किए थे जैसे क्रिकेट, कुश्ती, कबड्डी, खो खो, हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, मलखंब, तीरंदाजी, और कुछ सामूहिक प्रदर्शन सूर्य नमस्कार, साइकिलिंग, मैराथन, पतंगबाजी आयोजित किए थे साथ ही परंपरागत खेल पिट्ठुक, भौरा, लाठी, गुलेल, कुर्सीदौड़, गिल्ली डंडा, कंचा, चीटी धप्प, रस्सी कूद का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी प्रकार के खेलों में ग्राम पंचायतों और वार्डो से लेकर जिला स्तर तक कुल 265 टीमों और 28715 खिलाड़ियों ने भाग लिया है। जो अपने आप में प्रसन्नता का विषय है । खेल मंत्री ने बल्ला थामा केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कार्यक्रम के बाद रानीताल स्टेडियम के मैदान पर पहुँचकर क्रिकेट खेला और बल्लेबाजी करते हुए बड़े शॉट लगाए। इस दौरान सांसद राकेश सिंह ने गेंदबाजी की। खेल मंत्री श्री ठाकुर ने परंपरागत खेलो का आंनद भी लिया। इस दौरान उन्होंने रस्सी कूदने के साथ ही गुलेल, कंचा, चीटी धप्प, भौरा, गिल्ली डंडा को भी खेला और उपस्थित जनो का उत्साहवर्धन भी किया।

**व्यक्तिगत एवँ सामूहिक खेलो के विजेता एवँ उपविजेता खिलाड़ियों को किया पुरुस्कृत -** केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर, सांसद श्री राकेश सिंह सहित सभी अतिथियों ने सांसद खेल महोत्सव के दौरान जिला स्तर में सभी खेलो में विजेता एवँ उपविजेता टीम के साथ ही व्यक्तिगत इवेंट के खिलाड़ियों को ट्राफी, मैडल और प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया। इस दौरान मंडल, विधानसभा स्तर में विजयी खिलाड़ियों को भी पुरूस्कार दिया गया। इस दौरान मप्र ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, क्रीड़ा भारती के क्षेत्र संयोजक भीष्म सिंह राजपूत, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, नंदनी मरावी, मप्र जनअभियान के उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र जामदार, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, जिप अध्यक्ष संतोष बरक?, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, नरेंद्र त्रिपाठी, प्रतिभा सिंह, पूर्व महापौर सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, शरद अग्रवाल, एसके मुद्दीन, अभिलाष पांडे, पंकज दुबे, रत्नेश सोनकर, रजनीश यादव आदि मंचासीन थे। कार्यक्रम ने ब?ी संख्या में खिला?ी, पार्टी कार्यकर्ता एवँ नागरिक उपस्थित थे।

**क्रिकेट मैच के फाइनल मैच में पनागर विधानसभा की टीम विजयी-** सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच पनागर एवँ कैंट विधानसभा के बीच खेला गया। टेनिस बॉल से खेले गए 10-10 ओवर के मैच में पनागर विधानसभा ने शानदार जीत दर्ज की। पनागर विधानसभा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 96 रन बनाए जबाब में कैंट विधानसभा की टीम 10 ओवर में रन ही बना सकी। पनागर विधानसभा की टीम 6 रन से विजयी रही।

## सांसद ने किया खेलो इंडिया टॉर्च का स्वागत ,नगर भ्रमण के लिए निकली




**जबलपुर, यशभारत।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स जो कि मध्य प्रदेश में 30 जनवरी से 11 फरवरी तक मध्य प्रदेश के 8 शहरों में संपन्न होंगे जिसमें कि 4 खेल जबलपुर में होंगे इसकी टॉर्च जिसका नाम की अमरकंटक स्मार्ट टॉर्च है जो कि पूरे प्रदेश में खेल के प्रति जनमानस के हेतु जागरण भ्रमण कर रही है वह आज सुभाष चंद्र बोस चौराहा मेडिकल कॉलेज के पास जबलपुर के लोकप्रिय सांसद राकेश सिंह ी द्वारा उसका स्वागत करके प्राप्त किया इस मौके पर मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह एवं पंकज दुबे महामंत्री भाजपा, योगेंद्र सिंह अध्यक्ष युवा मोर्चा एवं सोनू वाचवानी एवं जिला खेल अधिकारी आशीष पांडे सहित अन्य खेलों के प्रशिक्षण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे यह टॉर्च कल सुबह 9:30 बजे रानीताल स्टेडियम से नगर भ्रमण के लिए निकली।

# टीआई संदीप अयाची को हाईकोर्ट से मिली जमानत

## महिला आरक्षक से दुष्कर्म का था आरोप

**जबलपुर, यशभारत।** महिला आरक्षक के साथ बलात्कार के आरोप के बाद आज मंगलवार को हाईकोर्ट ने अधिवक्ता मनीष दत्त के तर्क सुनने के बाद निरीक्षक संदीप अयाची को जमानत दे दी।



मालूम हो कि महिला आरक्षक ने कटनी में पदस्थ टीआई संदीप अयाची के खिलाफ 3 अगस्त 2022 को महिला थाना जबलपुर में बलात्कार की रिपोर्ट दर्जकरवाई थी। रिपोर्ट में कहा है कि साल 2018 में जबलपुर के गोरखपुर थाने में पदस्थ थे । उसी थाने में संदीप अयाची टीआई के रूप में पदस्थ थे। इस दौरान दोनों में दोस्ताना बंधन बन गए थे। इसके बाद संदीप अचायी का स्थानांतरण जबलपुर के पनागर थाने हो गया था। उसकी भी डयूटी पनागर थाने में लगाई गई थी। इस दौरान टीआई उसे एक होटल के कमरें में ले गए और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कृत्य किया था।

## रंजिश का बदला लेने सिर में पटक दिया पत्थर

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया में पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए आरोपी ने पहले तो पीड़ित का पीछा किया और फिर अकेला पाकर प्राणघातक हमला कर उसके सिर में पत्थर पटक दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं आरोपी मौके से फरार है। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि राजकुमार गोटिया 37 वर्ष निवासी सोनपुर ने बताया कि वह सोनपुर में था तभी घिस्सल गोटिया आकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो पत्थर से हमलाकर सिर लहूलुहान कर दिया। वहां उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया तो घिस्सल गोटिया जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।







## यशभारत में सुन्दरकांड की सरस प्रस्तुति

**जबलपुर,यशभारत।** शताब्दिपुरम स्थित यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला के निवास स्थान अरुणोदय में स्व. श्रीमती माया शुक्ला की 11वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सुन्दरकांड पाठ में चौपाई, दोहा और भजनों की सरस प्रस्तुति नगर के ख्यातिलब्ध भजन गायक मनीष अग्रवालव उनकी टीम ने देकर आदरांजलि अर्पित की। भजन की अनुपम प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को झूमने विवश कर दिया। इस मौके पर जेएनकेविवि के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा और डायरेक्टर दिनकर शर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



## ब्राह्मण महिला परिषद ने किया अरूणोदय पंचांग का अवलोकन

**जबलपुर, यशभारत।** ब्राह्मण महिला परिषद द्वारा घर का पंडित अरूणोदय पंचांग का अवलोकन एवं विमोचन किया और सटीक ज्योतिष एवं सपूर्ण तीज त्योहार की पंचांग कैलेंडर में दे गई तिथि एवं जानकारी की तारीफ की ।

# अद्भुत एवं रोमांचक दुबई यात्रा कर लौटे स्टैंमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र

**जबलपुर, यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आज दुबई की रोमांचक यात्रा कर वापस अपने शहर लौट आए हैं। इस यात्रा में उनके साथ स्टैंमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जयसवाल, प्रधानाचार्या श्रीमती मनमीत कोहली, एवं स्टेमफील्ड के अन्य सहयोगी स्टाफ भी शामिल थे । छात्रों ने इस अविस्मरणीय यात्रा का भरपूर आनंद लिया। इस यात्रा में वे जिन स्थलों पर गए , उनमें शामिल थे, जबील पैलेस , जो कि दुबई के राजा का महल है , दुबई का प्रसिद्ध बीच जुमैरा बीच, दुनिया का नंबर वन 7 सितारा होटल बुर्ज अलम , दुबई की अटलांटिस और मोनोरेल, दुनिया की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक शेख जायेद मस्जिद, जादुई तिलिस्म से भरा मिरेकल गार्डन, अद्भुत दुबई फाउंटेन शो, मरीना करूज, दुबई फ्रेम इत्यादि। इसके अलावा छात्रों ने वहां जिसके लिए दुबई प्रसिद्ध है ,बुर्ज खलीफा, डेजर्ट सफारी, फेरारी वर्ल्ड, का भी भरपूर आनंद लिया। छात्रों ने बताया कि आबू धाबी , एवं दुबई की यातायात व्यवस्था दुनिया की बेहतरीन यातायात व्यवस्थाओं में से एक है। वहां चारों तरफ संपन्नता ही संपन्नता दिखाई देती है। वहां के राष्ट्र प्रमुख है , शेख मोहम्मद बिन रशीद अल मकतूम, जो वहां के राजा के तौर पर भी जाने जाते हैं। यात्रा फिर वापस आने पर छात्रों का उत्साह देखते ही बनता था । छात्रों के अभिभावक भी संतुष्ट नजर आए और उन्होंने विशेष रूप से स्टेमफील्ड संस्था और उनके संचालक पर्व जयसवाल का विशेष धन्यवाद दिया, कि उन्होंने छात्रों के लिए इस अद्भुत यात्रा का आयोजन किया। संचालक पर्व जायसवाल ने ,अपने संदेश में कहा कि स्टेमफील्ड आने वाले भविष्य में भी इस तरह की यात्राओं का आयोजन करती रहेगी।





दीनदयाल बस स्टैंड गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के लिए सजधज कर तैयार है

# जबलपुर में युवती समेत दो नाबालिग घर से गायब

## पुलिस ने एक को किराए के मकान से किया दस्तयाब, जाचं जारी

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के गोहलपुर और माढोताल में जहां एक किशोरी और किशोर घर से गायब हो गए तो वहीं भेड़ाघाट की पंचवटी से एक युवती घूमने आई लेकिन वापस घर नहीं लौट सकी। मुस्तैद मोढोताल पुलिस ने घर से गायब किशोरी को एक किराए के मकान में दस्तयाब कर लिया तो वहीं दो अन्य की तलाश जारी है। वहीं, घर से युवती समेत दो नाबालिगों के गायब होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति है। पुलिस मामलों की बारीकी से पड़ताल कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि भेड़ाघाट की पंचवटी में 21 वर्षीय युवती घूमने गई थी, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास खोजा लेकिन कहीं भी युवती का सुराग नहीं मिला। थकहार कर परिजन पुलिस के पास पहुंचे।



### शोहदे पर शक, जांच जारी

जानकारी अनुसार परिजनों ने पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि युवती के गायब होने के पीछे एक शोहदे का हाथ है। जो युवती को भगाकर ले गया है। अब पुलिस की मुस्तैद टीम आरोपी युवक को तलाश रही है।

### – नाबालिग किशोर गायब, 16 वर्षीय मासूम को किया परिजनों के सुपुर्द

थाना गोहलपुर क्षेत्र अंतर्गत एक बालक अचानक घर से गायब हो गया। परिजनों ने आसपास पूछताछ की लेकिन कहीं सूचना नहीं मिली। जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत की है। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। तो वहीं, माढोताल थाना प्रभारी रीना पाडेय शर्मा ने बताया कि एक महिने पहले क्षेत्र के एक 16 वर्षीय किशोरी गायब हो गयी थी। प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही पुलिस लगातार मुखबिरों को अलर्ट कर, मोबाइल नंबर ट्रेस कर रही थी। जिसके बाद पुलिस को पता चला कि अधारताल क्षेत्र में एक किराए के मकान में नाबालिग देखी गई है। पुलिस ने बिना देरी किए नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# गणतंत्र दिवस समारोह : परेड की अंतिम रिहर्सल







**जबलपुर, यशभारत।** गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत की जाने वाली परेड की अंतिम रिहर्सल आज सुबह गैरिसन ग्राउंड में सम्पन्न हुई। फूल ड्रेस रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका पुलिस लाइन में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक धर्मू सिंह ने निभाई । रिहर्सल के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, उप महानिरीक्षक पुलिस आर आर एस परिहार, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत की सीईओ डॉ सलोनी सिडाना, अपर कलेक्टर विमलेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल, शिवेश सिंह बघेल, संजय अग्रवाल एवं प्रदीप शेंडे, स्मार्ट सिटी की सीईओ निधि सिंह राजपूत एवं सभी सबंधित अधिकारी मौजूद थे।


14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जॉघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध




प्रथम पुण्यतिथि 24-01-2023
स्व. रोहित सिंघई जी 'सेठ जी'
की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं
श्रद्धावनत्
धीरज पटेरिया
श्री श्याम सिंह ठाकुर जी
"टीम - धीरज पटेरिया" जबलपुर
अनूप तिवारी, महेन्द्र पाण्डेय
स्व. रोहित सिंघई जी 'सेठ जी'



क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊल • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क •
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें


# विमल कुमार सोनी का निधन

**जबलपुर ,यशभारत।** साठियां कुंआ निवासी श्री विमल कुमार सोनी का 65 वर्ष की आयु में आज सुबह निधन हो गया है । वे श्रीमती अहिल्या सोनी के पति ,अंकेश सोनी प्रोफेसर श्री राम कॉलेज एवमं अभिषेक सोनी के पिताजी थे। अंत्येष्टि करियापाथर मुक्तिधाम में संपन्न हुई।




साई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550



Roasted Food Junction
न्यू शो रूम
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
तिली चिक्की, तिली लड्डू, तिली रेवड़ी, मूंगफली की लड़या, रोस्टेट नमकीन, वेव्स टोस्ट, करेला चिप्स, बिस्केट, फुल्की, गजक, सिंधी पापड़, चने
AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201



अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK
ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE
KATANGA CROSSING
NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK



गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com



महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ एम. वंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ)
डॉ नेहा वंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन, Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)